दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 114 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शनिवार, 29 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जीडीपी भारत की जीडीपी दूसरी तिमाही में 8.2% बढ़ी
### पिछली छह तिमाहियों में सबसे मजबूत ताजा आंकड़े




**1 दिसंबर को जारी होंगे औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े**

सरकार की ओर से यह भी बताया गया है कि भारत का अक्तूबर 2025 का औद्योगिक उत्पादन आंकड़ा एक दिसंबर को जारी होगा। अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े आमतौर पर हर महीने की 28 तारीख को या यदि 28 तारीख को अवकाश हो तो अगले कार्यदिवस को जारी किए जाते हैं।

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की। यह छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि जीएसटी दर में कटौती से उपभोग बढ़ने की उम्मीद में कारखानों ने अधिक उत्पाद तैयार किए।

**लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यम का परिणाम जीडीपी के आंकड़े-पीएम**

जीडीपी के मजबूत आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यम को दर्शाती है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर बहुत उत्साहजनक है। यह हमारी विकास-समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को दर्शाती है। यह हमारे लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता को भी दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार सुधारों को आगे बढ़ाती रहेगी और प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन की सुगमता को मजबूत करेगी। दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पिछले तीन महीनों के 7.8 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व की समान अवधि के 5.6 प्रतिशत से बेहतर रही। विनिर्माण, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, दूसरी तिमाही में 9.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2.2 प्रतिशत था।

**राजकोषीय घाटा 8.25 लाख करोड़ रुपये हुआ**

वहीं, अप्रैल से अक्तूबर के बीच यानी इस वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में भारत का राजकोषीय घाटा 8.25 लाख करोड़ रुपये रहा। यह वार्षिक अनुमानों का 52.6% है। इस बार राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष के 46.5त्न से अधिक है। सरकार का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4% तक कम करना है, यह एक साल पहले 4.8% था।

## गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं- सीजेआई
### जस्टिस सूर्यकांत बोले-मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं; मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं। जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे ष्टछ्वढ्ढ ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है।

ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं,मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा। यह याचिका तिलक सिंह डांगी नाम के व्यक्ति ने केंद्र सरकार और अन्य के खिलाफ दायर की थी। बेंच ने याचिका खारिज कर दी। हरियाणा के हिसार जिले के एक मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले जस्टिस कांत ने 24 नवंबर को भारत के 53वें सीजेआई के रूप में शपथ ली है। वे करीब 15 महीने तक इस पद पर बने रहेंगे।

## पुतिन 4 दिसंबर को भारत आएंगे
### रूस-यूक्रेन जंग के बाद पहली बार आ रहे; रूसी तेल और SU-400 मिसाइल सिस्टम खरीदने पर बातचीत संभव

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को 2 दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। 2022 में यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। पुतिन 23वीं भारत-रूस समिट में भाग लेंगे। ये भारत और रूस के बीच होने वाली सालाना बैठक का हिस्सा है। हर साल दोनों देश बारी-बारी से इस बैठक की मेजबानी करते हैं। इस बार भारत की बारी है। समिट के दौरान पुतिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता क्रूड ऑयल डील के साथ एसयू-400 मिसाइल सिस्टम खरीद और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पुतिन के सम्मान में स्टेट डिनर देंगी। रूसी तेल खरीद की वजह से अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा रखा है, जिससे भारत 50% टैरिफ झेल रहा है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। पुतिन की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा।

## गोवा में आस्था का संगम
## 77 फुट
### की राम प्रतिमा का पीएम मोदी ने किया अनावरण



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दक्षिण गोवा के कैनाकोना स्थित श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ में भगवान राम की 77 फुट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित सार्ध पंचशतामनोत्सव में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने मठ द्वारा विकसित रामायण थीम पार्क का भी उद्घाटन किया। उन्होंने विशेष डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कर्नाटक के उडुपी में एक रोड शो किया। इससे पहले आज, प्रधानमंत्री ने कृष्ण गर्भगृह के सामने स्थित सुवर्ण तीर्थ मंडप का भी उद्घाटन किया और पवित्र कनकना किंदी के लिए कनक कवच (स्वर्ण आवरण) समर्पित किया। कनकना किंदी एक पवित्र खिड़की है जिसके माध्यम से माना जाता है कि संत कनकदास ने भगवान कृष्ण के दिव्य दर्शन किए थे। इस कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने उडुपी में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती, जनसंघ के सुशासन मॉडल की सराहना की। उन्होंने यहां श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में एक लाख भक्तों के साथ भगवद् गीता के श्लोकों का पाठ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों, भिक्षुओं, विद्वानों और विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों सहित एक लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ मिलकर भगवद् गीता का पाठ किया।

## आतंकी डॉ. आदिल की वॉट्सएप चैट सामने आई
### अस्पताल प्रबंधन के सामने गिड़गिड़ाया, विस्फोटक के लिए सैलरी से 8 लाख दिए

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर्स विस्फोटक जुटाने के लिए सैलरी से पैसा देते रहे। गिरफ्तार डॉक्टरों की बैंकिंग डिटेल और मोबाइल रिकॉर्ड से इसके सबूत मिले हैं। सहारनपुर के फेमस मेडिकेयर अस्पताल में काम करने वाले डॉ. आदिल अहमद की वॉट्सऐप चैट भी सामने आई है, जिसमें वह एडवांस सैलरी के लिए गिड़गिड़ा रहा है। जांच एजेंसी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा में फरीदाबाद के धौज और फतेहपुर तगा गांव में बरामद सामग्री और दिल्ली ब्लास्ट में इस्तेमाल विस्फोटक पर डॉक्टरों ने 26 लाख रुपए खर्च किए थे। इसमें से 8 लाख रुपए डॉ. आदिल ने दिए थे। जांच एजेंसियां अब आदिल के संपर्कों की तलाश कर रही हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की जांच आगे बढ़ रही है तो नए खुलासे हो रहे हैं। अभी तक 2 हजार से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ हो चुकी है।

## राजस्थान के धर्मांतरण-विरोधी कानून पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस
### राज्य सरकार से जवाब मांगा, याचिका में कहा : पुलिस को अनावश्यक अधिकार देता है



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर राज्य सरकार को एक बार फिर नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही बैंच ने यूपी, एमपी, उत्तराखंड, हिमाचल, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और झारखंड के समान कानूनों वाली लंबित याचिकाओं के साथ इस याचिका को भी टैग करने निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट अब सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा। याचिका में कहा गया कि यह कानून व्यक्तिगत आस्था पर अत्यधिक सरकारी नियंत्रण लगाता है। अंतर-धार्मिक (इंटरकास्ट) संबंधों को अनुपातहीन रूप से अपराध की श्रेणी में रखता है। अधिकारियों को पूर्व-नोटिस देने को अनिवार्य बनाता है। पुलिस को अनावश्यक रूप से दखल देने वाले अधिकार प्रदान करता है। धर्मांतरण विरोधी कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और मानकों से परे है।

इस बिल को बनाते समय विधायिका ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर काम किया है। यह कानून संवैधानिक सीमाओं का भी उल्लंघन करता है। इससे पहले इस कानून को तीन अन्य याचिकाओं में भी चुनौती दी जा चुकी है।

Rajdhani Battery
LUMINOUS Inverter • UPS • Battery
EXIDE INDUSTRIES LIMITED


Deals in:
All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries
Mohd. Islam 9314625427
Mohd. Nasir 9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur

## राजेंद्र राठौड़ बोले : गहलोत-जूली जुमेलबाजी कर रहे
### कहा- गहलोत अपने गिरेबां में झांकें, मरने वाले 25 बीएलओ के नाम बताएं जूली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर पलटवार किया। राठौड़ ने कहा- ये दोनों भजनलाल सरकार की जनहित की नीतियों से डरे हुए हैं। इसलिए अब झूठे आरोप और जुमेलबाजी का सहारा ले रहे हैं। राठौड़ ने कहा- गहलोत को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। उनकी सरकार पूरे 5 साल जनचिंताओं में घिरी रही। गुटों में बंटी रही। भ्रष्टाचार, पेपर लीक और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण जनता में चर्चा का विषय बनी रही। राठौड़ ने कहा-टीकाराम जूली स्ढ्ढक्र की प्रक्रिया में 25 बीएलओ की मौत का दावा कर रहे हैं। अच्छा रहेगा कि वह उन 25 बीएलओ के नाम सामने रखें। उच्च पदों पर बैठे लोगों को लापरवाही के साथ और बिना तथ्यों के आधार पर बयान देने की मैं निंदा करता हूं।

**भजनलाल सरकार में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी**

राजेंद्र राठौड़ ने कहा- सरकारों की तुलना जनकल्याण और विकास पर खर्च हुए बजट के आधार पर होती है। इस समय भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार से 24 प्रतिशत अधिक, यानी 1 लाख 3 हजार करोड़ रुपए का बजट बढ़ाकर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

भजनलाल सरकार के कार्यकाल में राजस्थान की जीएसडीपी में प्रतिवर्ष 19 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। प्रति व्यक्ति आय 2023-24 में 1.66 लाख रुपए थी, जो 2025-26 में बढ़कर 2.37 लाख रुपए हो गई। पिछली सरकार की तुलना में 71 हजार 252 रुपए की वृद्धि यह दर्शाती है कि राज्य की अर्थव्यवस्था और आम जनता दोनों समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

**गहलोत कोई निर्णायक नीति नहीं ला सके**

भजनलाल सरकार ने नीतिगत फैसलों में रिकॉर्ड बनाते हुए एक दर्जन से अधिक नई नीतियां जैस औद्योगिक, एमएसएमई, खेल, पर्यटन, युवा और टेक्सटाइल नीति लागू की हैं, जो आमजन के जीवन स्तर को सुधारने में मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। इसके विपरीत गहलोत सरकार अपने कार्यकाल में ऐसी कोई निर्णायक नीति नहीं ला सकी। उन्होंने कहा कि पूंजीगत खर्च में भी भजनलाल सरकार ने इतिहास रचते हुए खर्च को 26,645 करोड़ से बढ़ाकर 53,686 करोड़ रुपए कर दिया है, जो पिछली सरकार से 27 हजार करोड़ अधिक है। राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 से 100 करोड़ तक के विकास कार्य प्रगति पर हैं। राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए, जिनमें से 7 .5 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं।



# सम्पादकीय

## संसद सत्र के फिर हंगामेदार रहने के आसार, सरकार के सामने होगी चुनौती



अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र को देखते हुए सर्वदलीय बैठक आयोजित किया जाना एक सहज-स्वाभाविक औपचारिकता है। अभी तक का अनुभव यही बताता है कि ऐसी बैठकों में पक्ष-विपक्ष की ओर से संसद को सुचारु रूप से चलाने को लेकर जिस आम सहमति का प्रदर्शन किया जाता है, उसका पहले ही दिन लोप हो जाता है। ऐसी बैठकों में जहां विपक्ष अपनी दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले मुद्दों को उठाने पर बल देता है, वहीं सत्तापक्ष सभी विषयों पर गंभीर चर्चा कराने की हामी भरता है, लेकिन संसद में ऐसा कुछ मुश्किल से ही देखने को मिलता है। वहां देखने को मिलता है, नारेबाजी, हंगामा, कार्यवाही का स्थगन आदि। यह किसी से छिपा नहीं कि अब आम तौर पर संसद सत्र का शुभारंभ भी हंगामे से होता है और समापन भी। इस बार भी ऐसा ही हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि विपक्ष अपने अन्य प्रिय मुद्दों के साथ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर चर्चा चाहता है। इसमें हर्ज नहीं, लेकिन इसकी अनदेखी न की जाए कि संसद के पिछले सत्र में भी विपक्ष ने इस विषय को खूब तूल दिया था, क्योंकि तब बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया जारी थी। उस समय संसद के बाहर भी एसआईआर को वोट चोरी बताकर शोर मचाया गया और संसद के भीतर भी। एसआईआर के विरोध में संसद के बाहर और भीतर हंगामा करने के बाद भी विपक्ष को कुछ हासिल नहीं हुआ था। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया को सही माना, इसलिए विपक्ष को एक तरह से मुंह की खानी पड़ी। बिहार के चुनाव नतीजे भी यही बता रहे हैं कि जनता ने एसआईआर को लेकर उठाए गए संदेह भरे सवाल खारिज कर दिए। विपक्ष एसआईआर को लेकर चाहे जो दावा करे, इसके कहीं कोई आसार नहीं कि सुप्रीम कोर्ट 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने की जरूरत समझेगा। वैसे भी इन राज्यों में एसआईआर को लेकर जब तक सुनवाई पूरी होगी, तब तक उसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी होगी। इसमें संदेह है कि विपक्षी दल एसआईआर के विरोध में संसद में अकाट्य दलीलें देकर सरकार को घेरने में सक्षम हो जाएंगे, क्योंकि वे ऐसी कोई दलील सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर पाने में नाकाम हैं। समझना कठिन है कि विपक्षी दल यह क्यों चाहते हैं कि चुनाव आयोग एसआईआर संबंधी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन न करे? क्या एसआईआर न करने से मतदाता सूचियों की विसंगतियां दूर हो जाएंगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपके काम आसानी से पूरे होंगे। खर्चो पर आपको नियंत्रण रखना होगा।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए चुनौती पूर्ण रहने वाला है, लेकिन आप अपने संयम से उन चुनौतियों को भी डटकर सामना करेंगे। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें।

**कर्क**

आज के दिन आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। कार्य क्षेत्र में कामों में कुछ समस्याएं आएंगी, इसलिए आप मिल बैठ कर दूर करने की कोशिश करेंगे।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियां बखुबी निभाएंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। स्वास्थ्य में हल्की थकान महसूस होगी।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। अपनी धन संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी नई नौकरी का बुलावा आ सकता है। माता जी को सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ थोड़ा अधिक रहेगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा। अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे और आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपकी सेहत में गिरावट आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आप अपने कामों में कुछ परिवर्तन करेंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए सब बढ़िया रहने वाला है। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे। यदि कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो आज उसे भी पूरा करके ही दम लेंगे। आपको यदि कोई सेहत संबंधी समस्या चल रही थी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 29 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1520 - फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।
- 1660 - लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ।
- 1676 - बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुडुचेरी पर फ्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।
- 1814 - द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।
- 1821 - पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
- 1893 - न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।
- 1912 - इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।
- 1956 - चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई भारत आए।
- 1966 - डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।
- 1990 - चुनावों के उपरान्त जान मेजर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- 1996 - कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।
- 1997- प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1999 - एशिया कप हॉकी का ख़िताब दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को हराकर जीता, भारत ने कांस्य पदक मलेशिया को हराकर जीता।
- 2001 - नेपाल ने माओवादियों से निपटने हेतु भारत से दो हैलीकॉप्टर मांगे।
- 2002 - कनाडा ने हरकत उज मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
- 2006 - नेपाली सरकार और माओवादियों के मध्य हथियारों के मैनेजमेंट पर संधि सम्पन्न।
- 2007 - दो एशियाई देशों के बीच मधुर होते रिश्तों के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार चीन के युद्धपोत जापान भेजे गए।

**विशेष आलेख**

# एसआईआर का विरोध: चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की?



ललित गर्ग




भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।

यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां है, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते है। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है। एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके। यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास, और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो। जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं।

# बहुपत्नीत्व अब इतिहास-असम ने बदल दी सदियों की परंपरा



प्रो. आरके जैन

*मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने विधानसभा में कहा, "यह बिल किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन कुरीतियों के खिलाफ है जिन्होंने सदियों से औरत को बंधन में रखा है। तुर्की, ट्यूनीशिया जैसे कई मुस्लिम देशों में पॉलीगैमी पहले से प्रतिबंधित है।*

27 नवंबर 2025 का दिन असम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। इसी दिन विधानसभा ने भारी बहुमत से "असम प्रोहिबिशन ऑफ़ पॉलीगैमी बिल–2025" पारित कर वह कदम उठाया, जिसकी गूंज आने वाले दशकों तक सुनाई देगी। इस कानून के तहत अब कोई भी व्यक्ति जीवित पत्नी के रहते दूसरी शादी करेगा तो उसे सात वर्ष का कारावास भुगतना होगा, और यदि यह शादी छिपाकर की गई है तो सजा बढ़कर दस वर्ष तक पहुंच जाएगी, साथ ही अलग से भारी जुर्माना भी देना होगा। दंड केवल जेल और जुर्माने तक सीमित नहीं है—दोषी को जीवनभर किसी भी सरकारी नौकरी, चाहे वह चपरासी स्तर की हो या आईएएस जैसी उच्च सेवा से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही, पंचायत से लेकर नगर निगम तक किसी भी पद का चुनाव नहीं लड़ सकेगा और राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाएँ, पेंशन तथा राशन सुविधाएँ भी तुरंत बंद हो जाएँगी। इतना ही नहीं, यदि कोई काज़ी, मौलवी, पंडित या सरपंच ऐसी गैर-कानूनी शादी संपन्न कराता है, तो उसे दो साल की सजा और डेढ़ लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, जबकि माता-पिता या रिश्तेदार यदि विवाह से जुड़े तथ्य छिपाते पाए जाते हैं, तो उन पर भी एक लाख रुपये तक का दंड तय है। यह कानून हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख—सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होगा; हाँ, छठी अनुसूची के कुछ जनजातीय क्षेत्रों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपनी स्थानीय परिषदों के माध्यम से इसी प्रकार का समान कानून लागू करने का निर्णय स्वयं ले सकते हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने विधानसभा में कहा, "यह बिल किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन कुरीतियों के खिलाफ है जिन्होंने सदियों से औरत को बंधन में रखा है। तुर्की, ट्यूनीशिया जैसे कई मुस्लिम देशों में पॉलीगैमी पहले से प्रतिबंधित है, और पाकिस्तान में भी दूसरी शादी के लिए पहली पत्नी की लिखित अनुमति जरूरी है। असम ने केवल न्याय और सच्चे धर्म का साथ दिया है।" उन्होंने साफ कहा कि यही यूनिफॉर्म सिविल कोड की पहली सीढ़ी है, और 2026 में सरकार दोबारा बनी तो पूरा यूसीसी लागू किया जाएगा। सच यह है कि बहुपत्नीत्व कभी किसी का "धार्मिक अधिकार" नहीं था, यह हमेशा पुरुष की सुविधा और स्त्री की मजबूरी का हथियार रहा। पहली पत्नी को भावनाओं सहित कैद कर देना, उसके बच्चों को आर्थिक-मानसिक रूप से तोड़कर दूसरी-तीसरी शादी रचाना—क्या यही मर्दानगी है? एनएफएचएस-5 बताता है कि पूर्वोत्तर के हजारों परिवार आज भी इसी जहर से धीमे-धीमे टूट रहे हैं। पहली पत्नी के पास न तलाक का अधिकार बचता, न गुजारा भत्ता, न वारिस में बराबरी; बच्चे नई शादियों की दहलीज पर ही पिस जाते हैं। असम ने निर्णायक निर्णय लिया—अब बस। अब औरत का हक, किसी भी धर्म की आड़ से ऊपर रखा जाएगा। यह कानून केवल सजा का हथियार नहीं, समाज को नई नींव देने वाला क्रांतिकारी दस्तावेज है। पीड़ित महिला को तुरंत मुआवजा, मुफ्त कानूनी सहायता और सरकारी सुरक्षा कवच मिलेगा। पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार होगा।

## बेचारा | बढ़ता राजस्थान



**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, अलवर संस्करण**

ऐसा नहीं कि इस जहां में गरीब या असहाय ही बेचारा होता है। आजकल एक ओर जीव बेचारा है वो भी हर घर में है और युगों युगों से वो बेचारा ही है। जी हां मैं बात कर रहा हूं आज के दौर में शादी के बाद एक दिन के लिए हीरो बनने वाले युवाओं की। आज की तारीख में सबसे अधिक बेचारा वह दूल्हा साबित हो रहा है। जिसकी शादी में लोग पाँचों अंगुलियों को चाट-चाट कर पेट पर हाथ फेरते हुए अपने घर पहुँच जाते हैं लेकिन उस इंसान की आगे की जिन्दगी के बारे में किसी को कोई फ्रिक नहीं रहती है। दरअसल छोटी फैमली में इस एक दिन के हीरो का हाल जीरों से कहीं कम नहीं होता। कुछ दिन बाद ही यदि पत्नी की ना सुने तो पत्नी का बुरा व ससुराल में दूध पीता बच्चा बना दिया जाता है और यदि घर परिवार वालों की ना सुने तो जोरू का गुलाम का तगमा सिर पर बांध दिया जाता है। हमारे सामाजिक संस्कार भी कुछ अजीब से हैं मित्रों यदि दामाद बेटी को घुमाने ले जाए,रोज उसे बाहर का खाना खिलाए तो इस घटना में स्त्री पुरूष है लेकिन बेटी की मां दामाद को लाखों में एक हीरा कहेगी और बेटी सौभागयवति कहलाऐगी। लेकिन यहीं कर्म यदि बेटा और बहू कर रहे होंगे तो बेटा जोरू का गुलाम और बहू जादूगरनी या चुैडेल कहलाएगी। ऐसे में अपनी टशन में रहने वाला युवा हीरों कब ढ़क्कन बन जाता है। इस समाज को पता ही नहीं चलता। कुछ अच्छे घर परिवार हैं जहां लोग एक दूसरे की भावना समझते हैं वहां ये शक्ख बेचारा साबित नहीं होता बल्कि बुद्धिमता से अपने गृहस्थ जीवन के साथ अपने दायित्व का फर्ज भी अदा करता हुआ अपने जीवन को एक सही दिशा और दशा दिखाता है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# क्या है सर्दियों में अमरूद खाने का सही तरीका? ऐसे खाएंगे तो गायब हो जाएगा सर्दी-जुकाम



सर्दियों का मौसम आते ही अमरूद बाजार में खूब दिखाई देने लगते हैं और सेहत के लिए भी यह बेहद फायदेमंद माना जाता है। ऐसा माना जाता है की अमरूद में सेब से भी ज्यादा पोषक तत्व पाए जाते हैं। लेकिन अक्सर लोग यह कहते सुनाई देते हैं कि ठंड में अमरूद खाने से सर्दी-जुकाम या कफ की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में कई लोग स्वाद और स्वास्थ्य दोनों के फायदे उठाने के बावजूद इसे खाने से परहेज करने लगते हैं। लेकिन सच यह है कि अमरूद सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने और विटामिन C की कमी पूरी करने के लिए बेहद उत्तम फल है, बस इसे खाने का तरीका सही होना चाहिए। यदि सर्दियों में अमरूद सही समय पर और सही तरीके से खाया जाए तो यह जुकाम नहीं बल्कि बीमारियों से बचाने का काम करता है। आइए जानते हैं कि सर्दियों में अमरूद खाने का सही तरीका क्या है और किन गलतियों से बचना जरूरी है। सुबह खाली पेट या देर रात अमरूद खाने से कफ और पाचन की समस्या बढ़ सकती है। ऐसे में आप दोपहर के समय अमरूद खाएं इससे शरीर की पाचन क्षमता बेहतर होती है, जिससे पोषण अच्छे से मिलता है। आप इस बात का ध्यान रखें कि अमरूद खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पिएं।

## झपटामारी का खुलासा: दो सगे भाई गिरफ्तार सोने की नथ व मोटरसाइकल बरामद



बढ़ता राजस्थान

**जहाजपुर (गोविन्द सिंह सेठी)।** पुलिस वृत्ताधिकारी रेवडमल मौर्य के सुपरविजन में पण्डेर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए झपटामारी की वारदात में शामिल दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से सोने की नथ एवं वारदात में उपयोग की गई बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। 25 नवंबर को ढगारिया चौराया पर कालु गुर्जर की माता मोतिया देवी बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने मौका पाकर उनके नाक में पहनी हुई सोने की नथ झपट्टा मारकर छीन ली। घटना के बाद प्रकरण संख्या 144/2025 धारा 304(2) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों मनीष पुत्र रामराज जाट (26) निवासी मगनपुरा, थाना पण्डेर, अजीत पुत्र रामराज जाट (25) निवासी मगनपुरा, थाना पण्डेर को गिरफ्तार कर लिया।

### तरीका-ए-वारदात

दोनों आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल का उपयोग कर राह चलती बुजुर्ग महिलाओं के सोने के आभूषण छीनने, सुने घरों में चोरी करने, दुकानों से तेल के पीपे और ट्रैक्टर पाट्र्स चोरी करने जैसी वारदातों में लिप्त पाए गए हैं। पण्डेर थाना प्रभारी कमलेश (उनि) व उनकी टीम की तत्परता से थाने को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## विधानसभा क्षेत्र टोंक में शत प्रतिशत डिजिटाइज़ेशन करने वाले 20 बीएलओ सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के लिये गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र टोंक में 4 नवम्बर से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण, डिजिटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है, जो 4 दिसम्बर तक जारी रहेगा। विधानसभा क्षेत्र टोक में 20 बूथ लेवल अधिकारी जिन्होनें अपने क्षेत्र के परिगणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर दिया है। शुक्रवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौंकरिया एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा क्षेत्र टोंक में 85 प्रतिशत मतदाताओं के परिगणना प्रपत्र डिजिटाईजेशन हो चुके है, शेष मतदाताओं से अपील की जाती है अपने परिगणना प्रपत्र शीघ्र ही संबधित बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करवायें।

## श्री अन्न (बाजरे) पर रोड शो का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह/टोंक(उमाशंकर शर्मा)** । खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मोटा अनाज योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के तहत ब्लॉक स्तरीय रोड शो कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (वि) मालपुरा द्वारा ब्लॉक टोडारायसिंह मे निकाला गया। सहायक कृषि अधिकारी कन्हैया लाल नरूका ने बताया कि रोड शो किसान सेवा केन्द्र - टोडारायसिंह से शुरू किया गया । रोड शो में बाजरा ज्वार रागी एवं मोटे अनाज के उपयोग एवं गुणों के बारे में बेनर एवं पोस्टरो को दर्शातें हुए जानकारी दी गई। रोड शो में किसानों व कृषि विभाग के कार्मिको ने भाग लिया ।

सहायक निदेशक कृषि (वि) मालपुरा डॉ. महेश कुमार कुमावत ने श्री अन्न (बाजरे) को खाध के रूप मे शामिल करने के संदेश को लोगो तक पहुंचाने के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से ज्यादातर लोगो का मुख्य भोजन गेहूँ एवं चावल हो गया है जबकि पहले हमारा मुख्य भोजन मोटा अनाज हुआ करता था। बाजरा एवं मोटे अनाज व इसके उत्पाद बहुत ही लाभकारी एवं स्वास्थय के लिए अच्छे होते हैं।

## सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले जी को श्रद्धा सुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह,टोंक(उमाशंकर शर्मा)** । कस्बे में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 28 नवंबर 2025 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टोड़ारायसिंह की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे पुराना बस स्टैंड, केकड़ी रोड चौराहे, टोडारायसिंह पर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले जी की प्रतिमा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एम. इस्लाम एडवोकेट, महामंत्री राजेश सैनी, विनोद जैन , कैलाश ,हेमराज सेनी, उमाकांत भारद्वाज , दुर्गा लाल वर्मा, राजेश मोडक्या, आसिफ एडवोकेट सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सभी कांग्रेसजनों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के सामाजिक न्याय, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# राजस्थान में नामांकन मुद्दे पर शिक्षा विभाग का यू-टर्न, जारी किया नया आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** राजस्थान सरकारी स्कूलों में गिरते नामांकन को लेकर कुछ दिन पहले सख्त रुख अपनाने वाले शिक्षा विभाग ने अब बड़ा यू-टर्न लिया है। वे आदेश, जिनके आधार पर कम नामांकन वाले शिक्षकों को नोटिस जारी किए गए थे, विभाग ने उन्हें एक वर्ष के लिए वापस ले लिया है। इससे अब कक्षा 1 में प्रवेश के लिए नई शिक्षा नीति के तहत लागू की गई आयु सीमा का प्रावधान फिलहाल अगले सत्र तक स्थगित रहेगा। गौरतलब है कि पहले जहां कक्षा 1 में 5 वर्ष उम्र वाले बच्चे को प्रवेश मिल जाता था। वहीं नई शिक्षा नीति के अनुसार यह सीमा बढ़ाकर 6 वर्ष कर दी गई थी। इससे सरकारी स्कूलों में नई कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या अचानक गिर गई। दूसरी ओर निजी स्कूल 3 से 4 वर्ष के बच्चों को



एलकेजी-यूकेजी में प्रवेश दे रहे हैं। ऐसे में एक बार निजी स्कूल में दाखिला लेने के बाद बच्चा दोबारा सरकारी स्कूल में क्यों लौटेगा, यह सवाल शिक्षक पहले से उठाते रहे हैं। स्थिति यह है कि कई स्कूल ऐसे भी हैं, जहां एक भी बच्चा प्रवेश लेने नहीं पहुंचा। इस स्थिति को देखते हुए राज्य में भरतपुर संभाग में एक जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ने 56 शिक्षकों को पूर्व में कारण बताओ नोटिस भी जारी किए थे।

**दबाव, विभाग ने कदम पीछे खींचे :** शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि जब आयु सीमा 6 वर्ष कर दी गई है तो 5 वर्ष से पहले कोई अभिभावक अपने बच्चे को घर पर बैठाकर कैसे रखेगा। इसी वजह से अभिभावक निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों ने बाल वाटिका को प्रभावी ढंग से संचालित करने, प्ले-वे गतिविधियों को बढ़ाने और आयु सीमा में संशोधन की मांग उठाई।

### यह बदलेगा अगले सत्र से

1- आयु सीमा को लेकर उठी बड़ी बाधा अस्थाई रूप से हटाई गई।

2- नामांकन बढ़ाने में स्कूलों को राहत मिलेगी।

3- विभाग इस एक वर्ष में प्री-स्कूलिंग को मजबूत करने की तैयारी करेगा।

4- बाल वाटिकाएं प्रभावी ढंग से शुरू करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

### सरकार का यह स्वागतयोग्य कदम

सरकार का यह स्वागतयोग्य कदम है। अब सरकार को तुरंत नई शिक्षा नीति के तहत बाल वाटिका चलानी चाहिए। बाल वाटिका संचालित होने तक उम्र में छूट दी जानी चाहिए। बाल वाटिका खुलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ले सकेंगे।

**पवन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान शिखक संघ सियाराम**

इन्हीं तर्कों के दबाव और लगातार गिरते नामांकन को देखते हुए शिक्षा विभाग ने आदेश में संशोधन करते हुए एक वर्ष के लिए पुरानी आयु सीमा को ही लागू रखने का निर्णय लिया है। अब आगामी सत्र तक 5 वर्ष की उम्र वाले बच्चे भी पहली कक्षा में प्रवेश ले सकेंगे। शिक्षा विभाग के इस निर्णय से शिक्षकों में राहत है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि यह कदम पहले ही उठा लेना चाहिए था।

## मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रॉंवल का औचक निरीक्षण कर शिक्षा स्तर एवं परीक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दक्षता आधारित मूल्यांकन एवं राज्य स्तरीय समान परीक्षा की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। निरीक्षण के समय दक्षता आधारित मूल्यांकन में छात्रों की बैठक व्यवस्था निर्धारित नियमों के अनुरूप पाई गई। साथ ही, राज्य स्तरीय समान परीक्षा में कक्षा 10 के कुछ विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र पर अनावश्यक निशान लगा रखे थे, जिस पर वीक्षकों को निर्देश दिए बोर्ड नियमानुसार प्रशन प्रत्र पर परीक्षार्थी अपने रोल नंबर के अतिरिक्त कोई भी अन्य अंकन न करें। निदेशक कालूराम भी साथ रहे।

## पीड़ित प्रतिकर बैठकः पीड़ितों को 22 लाख 75 हजार रुपए देने के दिये आदेश

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को देवेन्द्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में पीडि़तों को प्रतिकर राशि दिलवाये जाने हेतु जिला प्राधिकरण के पदेन सदस्यगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। पीडि़त प्रतिकर स्कीम के तहत लंबित कुल 7 प्रकरणों में से जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के 6 प्रकरणों तथा अंतरिम स्तर के 1 प्रकरण में प्रार्थना पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें समिति द्वारा जीवन हानि (हत्या) के अंतिम स्तर के 5 प्रकरणों में सर्वसम्मति से कुल 21,50,000 रूपये तथा अंतरिम स्तर के 1 प्रकरण में 1,25,000 रूपये प्रतिकर के रूप में स्वीकृत किये जाने के आदेश दिये गए। इस प्रकार कुल 6 प्रकरणों में सर्वसम्मति से 22,75,000 रूपये स्वीकृत करने के आदेश दिये।



साथ ही कारागृहों के नवीन भवन निर्माण हेतु एवं जेलों के निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने के लिए गठित जेल एम्पावर्ड कमेटी की भी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय राजेन्द्र शर्मा, न्यायाधीश मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण सुन्दर लाल बंशीवाल, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय असीम कुलश्रेष्ठ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीक्षा गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, जिला कलेक्टर कानाराम सिरवी, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल, लोक अभियोजक जितेन्द्र शर्मा, उपाधीक्षक जिला कारागृह बिहारीलाल उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता के साले पर चाकू से जानलेवा हमला रुपयों के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)** । जिले के दूनी थाना क्षेत्र की दुर्गापुरा ढाणी में गुरुवार देर शाम एक युवक पुष्कर पुत्र रामकिशन गुर्जर पर रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद चाकू से जानलेवा हमला हुआ। दूनी। टोंक जिले के दूनी थाना क्षेत्र की दुर्गापुरा ढाणी में गुरुवार देर शाम एक युवक पुष्कर पुत्र रामकिशन गुर्जर पर रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद चाकू से जानलेवा हमला हुआ। घायल युवक को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे टोंक रेफर कर दिया।



### शराब की दुकान पर हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार, विवाद उस समय बढ़ा जब आरोपी और अन्य युवक शराब की दुकान पर शराब पी रहे थे। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे पुष्कर से पैसों के लेन-देन को लेकर कहासुनी हो गई। नशे की हालत में आरोपियों ने अचानक चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आरोपियों की तलाश जारी

दूनी थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपियों की पहचान विराट कलाल, प्रदीप कीर और मनोज कीर के रूप में हुई है। तीनों युवक दुर्गापुरा ढाणी में शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### कांग्रेस नेता ने की जल्द कार्रवाई की मांग

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने बताया कि घायल पुष्कर उनका साला है। धीरज गुर्जर ने हमले की निंदा की और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने कहा कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## अतिरिक्त निदेशक कृषि ने किया चौथ का बरवाड़ा में निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** अतिरिक्त निदेशक कृषि भरतपुर देशराज सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्रीय भ्रमण कर उर्वरक उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन एवं कृषि आदान वितरण प्रणाली की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में यूरिया की उपलब्धता पर्याप्त है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त रैक आवंटन सुनिश्चित किया गया है, जिससे किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न आदान विक्रेताओं के यहां स्टॉक वेरिफिकेशन, डिस्ट्रीब्यूशन लॉग, तथा क्कह्वस् मशीन डेटा का परीक्षण किया गया। शिवाड़ क्षेत्र में सैनी ट्रेडिंग कंपनी, जितेंद्र ट्रेडिंग कंपनी एवं जानकी ट्रेडिंग कंपनी में अनियमितताएँ पाए जाने पर कारण



बताओ नोटिस जारी किया गया, अनियमित उर्वरक का स्टॉक सीज किया गया। इसी दौरान गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी का संचालक निरीक्षण स्थल से अनुपस्थित पाया गया, जिसकी सूचना विभागीय कार्यवाही हेतु दर्ज की गई। इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार अटल, उप निदेशक कृषि भरतपुर डॉ. हब्बल सिंह, सहायक निदेशक भरतपुर राधारमन शर्मा, सहायक निदेशक सवाई माधोपुर खेमराज मीणा, कृषि अधिकारी ओमप्रकाश मीणा, सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक लोकेश मीणा, मेघराज चौधरी सहित विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा गणेश मंदिर के सामने स्थित गंदे तालाब को लेकर सचिव, डीएलएसए ने लिया संज्ञान

बढ़ता राजस्थान

टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार जलुथरिया ने अन्नपूर्णा गणेश मंदिर के सामने जयपुर कोटा सवाईमाधोपुर हाईवे के पास स्थित गंदे तालाब को लेकर संज्ञान लिया। न्यायाधीश जलुथरिया अपनी टीम के सदस्य चीफ एल.ए.डी.सी. रमेश शर्मा एवं पीएलवी हरिराम गुर्जर एवं अन्य सदस्यों के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहाँ उपस्थित लोगों से वार्ता की, लोगों ने बताया कि असहनीय दुर्गंध एवं मच्छरों के प्रकोप के कारण उनका जीना दूभर हो रहा है एवं यह तालाब हाईवे एवं अन्नपूर्णा गणेश मंदिर के पास होने से आमजन के लिए समस्याएैं उत्पन्न कर रहा है, इसके अतिरिक्त यहाँ एक पाईपलाइन



पिछले 04 महीने से टूटी हुई है जिससे अनावश्यक पानी बहता है, इसके पश्चात् उपस्थित लोगों से शिकायत प्रार्थना पत्र लिए गए। सचिव ने बताया कि संबंधित प्रकरण जनोपयोगी सेवाओं एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित होने के कारण संबंधित विभागों से पत्राचार के माध्यम साफ-सफाई के प्रयास किए जाऐंगे यदि ऐसा संभव नहीं हो पाता है तो स्थायी लोक अदालत के आदेशों के अनुसार गंदे तालाब के संबंध में कार्यवाही संपादित की जाएगी। सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक द्वारा रालसा के निर्देशानुसार न्याय आपके द्वार विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जनसाधारण की विभिन्न समस्याओं को प्राधिकरण के अधिवक्ताओं द्वारा स्थायी लोक अदालत में निःशुल्क परिवाद दायर करवाए जा रहे हैं। तथा इन प्रकरणों में स्थायी लोक अदालत द्वारा जारी किए जाने वाले आदेश सिविल कोर्ट की डिक्री के समान होते हैं, जिन्हें मानना संबंधित विभागों के लिए बाध्यकारी होता है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक ने आगे बताया कि प्राधिकरण आमजन से जुड़े ऐसे विषयों पर सदैव संवेदनशील है तथा नागरिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करता रहेगा।

## विधायक ने किया 11 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** उपखंड क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में शुक्रवार को कुल 11 करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं—जेबाडिया वेंटेड कॉजवे और भोपता नाले पर उच्च स्तरीय पुलिया—का शिलान्यास किया गया। विधायक रामसहाय वर्मा ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**भोपता नाले पर 6 करोड़ की उच्च स्तरीय पुलिया :** भोपता नाले पर बरसात में पानी आने से वर्षों से राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ती थी। 6 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह पुलिया अब आवागमन सुगम बनाएगी और आसपास के कई गांवों को बड़ा लाभ देगी।



**जेबाडिया में 5 करोड़ की वेंटेड कॉजवे परियोजना :** जेबाडिया में 5 करोड़ की लागत से वेंटेड कॉजवे निर्माण का भी शिलान्यास किया गया। यह परियोजना बरसाती पानी की समस्या से निजात दिलाकर संपर्क मार्ग को सुरक्षित और सुचारु बनाएगी।

**कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल, पीपलू प्रधान रतनी देवी चंदेल, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, मंडल अध्यक्ष देवी शंकर गुर्जर, भाजपा नेता सत्यनारायण चंदेल, नवरतन शर्मा सोहेला, सरपंच श्योजीराम खुवाल, छ्वश्वह्व मोनिका, शुभम खंडेलवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही प्रशासक अशोक राव, कपिला गुर्जर, राजेश शर्मा, पूर्व सरपंच प्रेमचंद जैन, प्रताप सिंह राजावत, पंकज शर्मा, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह राजावत, विकास अधिकारी सुनील वर्मा, उपखंड अधिकारी गणराज बडग़ौती, डॉ कमलेश कुमार, डॉ योगेंद्र चौपड़ा, भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह राजावत, किशनलाल चंदेल नानेर, मौजूद रहे।

**विधायक ने कहा विकास को नई गति मिलेगी :**विधायक वर्मा ने कहा कि दोनों परियोजनाएँ क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग थीं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है। निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बाय पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर दो घंटे तक उपखंड कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया

## 87वर्षीय पूर्व सरपंच गजानंद शर्मा ने अनशन पर बैठने की दी चेतावनी, मौन व्रत, जनआक्रोश बनकर फूटा

बढ़ता राजस्थान



**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** बाय कस्बे को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर दांतारामगढ़ उपखंड कार्यालय को सत्रह पंचायतों की जनता ने दो घंटे तक घेर कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने दातारामगढ़ थाना स्टैंड से पैदल मार्च कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबोसा स्वर्ग भेरू सिंह जी शेखावत केवल खाचरियावास के ही आन बान और शान नहीं थे वह हम सब की संपूर्ण देश के आन बान और शान थे उनके नक्सेकदम पर ही सरकार ने अंत्योदय योजना बनाई उनका हर एक गरीब मजदूर ग्रामीण किसान को भी सरकार की सुविधा लाभ मिल सके।वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भेरु शेखावत के सिद्धांतो का मखौल उड़ते हुए जिला कलेक्टर द्वारा पंचायत समिति बाय का प्रस्ताव राजस्थान सरकार को भेजा था। रातों रात पंचायत समिति बाय का नाम बदलकर के खाचरियावास कर दिया गया जो कि यह किसी भी मापदंड व भौगोलिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इस तरह से सत्ताधारी पार्टी के उच्च स्तरीय नेतृत्व ने क्षेत्र कि महिलाओ, ग्रामीण, किसान, मजदूर, विद्यार्थियों, बुजुर्ग व आम नागरिकों को सुविधा के बजाय पंचायत समिति बाय का हक मारते हुए खाचरियावास को पंचायत समिति बना कर असुविधा देने का काम किया है। खाचरियावास को पंचायत समिति बनाने को लेकर बाय परिक्षेत्र की सभी ग्राम पंचायते कड़ा विरोध कर रही है।87वर्षीय बाय पंचायत के पूर्व सरपंच गजानंद शर्मा ने अनशन पर बैठने की चेतावनी देते हुए कहा कि बाय कस्बे को 1959 में भी पंचायत समिति बनाई गई थी लेकिन राजनीतिक कारणों से दांतारामगढ़ बना दी गई।अब फिर से सीकर कलेक्टर द्वारा पूरा मापदंड तय करके बाय को पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार को भेजा गया लेकिन सत्ताधारी राजनीतिक लोगों ने खाचरियावास को पंचायत समिति बनाना गलत है इसको लेकर आम जनता में आक्रोश है।इससे पहले राजस्थान के प्रथम मोती उत्पादक किसान और शेखावाटी भूषण विनोद भारती ने एक दिन का मौन व्रत रखकर आक्रोश जताया था। बाय परिक्षेत्र की जनता का जन आक्रोश बनाकर दातारामगढ़ उपखंड कार्यालय पर फूटा। इस दौरान कॉमरेड हरफूल सिंह बाजिया, सरपंच सुरेश वर्मा, मुकेश खांडल, सागर मल बाजियां, छीतर मल लोरा, सुभाष हरितवाल, विनोद भारती, चंदा देवी घायल, कॉमरेड शंकर लाल बलौदा, शंकर लाल थोरी, भंवर लाल जाखड़, भगवान सहाय ढाका, पदम श्री ओलंपियाड खिलाड़ी नौकायन बजरंग लाल ताखर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मन्ना लाल सिंगल, केशर मल गोठवाल, जेपी घायल, भादर लोरा, बजरंग सिंह रणवा, नारायण लाल शर्मा, गणपत घायल, मामराज गुर्जर, उस्मान तेली, गोपाल सिंह बिजारणियां, अशोक पेंटर, भगवती भारती, किरण योगी, ललिता कुमावत, दुर्गा देवी, विजय जैन, चिरंजी लाल कुमावत सहित सत्रह पंचायतों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अनुभूति व बटोरी हुई विरासत पुस्तक का हुआ लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** समाजसेवी डॉ.लक्ष्मण सिंह कर्णावट द्वारा लिखित आत्मकथा अनुभूति और पुष्पा कर्णावट द्वारा संकलित बटोरी हुई विरासत पुस्तक का शुक्रवार को महाप्रज्ञ विहार में समारोह में लोकार्पण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के उपकुलपति कर्नल (प्रो.) डॉ.एसएस सारंगदेवोत और विशिष्ट अतिथि डॉ. देव कोठारी, पदमचंद पटावरी व पारमार्थिक सेवा संस्थान के सचिव मदन तातेड़ थे। अध्यक्षता डॉ. बसंतीलाल बाबेल ने की। संपादक और मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमावत थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल (डॉ) एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि समाज के प्रति कर्णावट का समर्पण ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से दिखता है। लक्ष्मी का साथ सरस्वती की मौजूदगी कर्णावट परिवार में दिखती है। हमनें सभी परिजनों को भी सुना। यह एतिहासिक है कि सृजन, संवेदनाएं, संस्कृति और साहित्यिक यात्रा हमारे सामनें शुरू हो रही है। पुस्तक के लेखक लक्ष्मणसिंह कर्णावट ने कहा कि जन्म मरण के बीच क्या खोया और क्या पाया के बीच की यात्रा ही जीवन है। तीन आचार्यों की उदयपुर यात्राओं का वर्णन इस पुस्तक में किया। ये मेरे जीवन की अनुभूति है। काका की प्रेरणा से आचार्य तुलसी की सेवा फिर साध्वी प्रमुखा की प्रेरणा से तेरापंथ महिमा, मेवाड़ महिमा आदि पुस्तकों का लेखन किया। योग्यता से मुझे बहुत अधिक ही मिला। समारोह में पुष्पा कर्णावट ने भी विचार व्यक्त किये।बटोरी हुई विरासत पुस्तक के बारे में उषा चव्हाण ने बताया कि साधु-संतों साध्वी वृन्दो की उत्तर का संकलन है। कार्यक्रम में हर्षवर्धन कर्णावट, दिनेश डागा, समुद्रगुप्त कर्णावट, डूंगरसिंह कर्णावट, एलएल धाकड़, महेंद्र, चैतन्य और मनीष कर्णावट, भगवतीलाल, पार्थ कर्णावट आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। मंगलाचरण मीना कर्णावट एवं परिवार ने किया। संचालन आलोक पगारिया ने किया। धन्यवाद कमल कर्णावट ने दिया।

# हर व्यक्ति के लिए साकार होगा आवास का सपना-देवासी

## मुख्यमंत्री जनआवास योजना में आवास आवंटन पत्र वितरित



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स.)।** मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत शुक्रवार को यहां गोयली रोड पर आवास आवंटन पत्र वितरित किए गए। समारोह में पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी का मुख्य आतिथ्य रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सबके लिए सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ निरन्तर कार्य कर रही है। प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्प है। जिन लोगों को आवास मिलने बाकी है उनको भी तत्काल आवास मिले इसकी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान लाभार्थियों ने आवंटन पत्र प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की तथा करतल ध्वनि के साथ राज्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, सीताराम महाराज, गोपाल माली, चिराग रावल, बाबूभाई सगरवंशी, मगन मीणा, प्रवीण राठौड़, मणिबाई समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### अन्यों को भी जल्द मिलेंगे आवास

राज्यमंत्री ने इस दौरान नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि जिन आवेदकों की संपूर्ण राशि जमा हो चुकी है उनको जल्द ही आवास तैयार कर सौंपे जाएं। आयुक्त आशुतोष आचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री जनआवास योजना के तहत 44 ईडब्ल्यूएस के लाभार्थी तथा 10 एलआईजी के लाभार्थियों को कब्जा पत्र सौंपे गए। वर्तमान में ईडब्ल्यूएस के 160 आवास तथा एलआईजी के 32 आवास निर्मित हो चुके हैं।

# जिले में विटामिन 'ए' का चरण 29 नवंबर से 29 दिसंबर तक

## 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** जिले में विटामिन 'ए' का 40 वां चरण 29 नवम्बर 2025 से 29 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्रों पर विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जाएगी। यह खुराक 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विटामिन 'ए' आँखों की बीमारियों जैसे रतौंधी अंधता से बचाव के साथ- साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए भी आवश्यक है।

# पेड़-पौधों से 'भात' भरकर अनोखी मिसाल

## 80 वर्षीय किशन लाल गुरूजी ने दिया जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** पानी किसानी जवानी संवेदना यात्रा के संरक्षक 80 वर्षीय किशन लाल गुरुजी कूनेड़ ने अपनी सुपुत्री आशा देवी और दामाद बाबूलाल यादव (शारीरिक निदेशक, शिक्षा विभाग, बिलान्दरपुर) की सुपुत्री व्याख्याता अंकिता यादव के शुभ विवाह में पेड़-पौधों से भात भरकर देश-दुनिया में एक अनोखी मिसाल प्रस्तुत की है। उन्होंने पारंपरिक रस्म को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जल, पेड़ और प्रकृति बचाने का सार्थक संदेश दिया। पानी पेड़ प्रकृति बचाओ अभियान संयोजक, नंगे पैर यात्री एवं कार्यक्रम संयोजक दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में इस प्रेरक पहल के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को कम करने के लिए जनजागरूकता से जनआंदोलन और जनआंदोलन से जनक्रांति लाने का संकल्प लिया गया। अखिल भारतीय यादव महासभा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र यादव और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला ने कहा कि पानी किसानी जवानी यात्रा तथा पानी पेड़ प्रकृति बचाओ अभियान संयोजक और जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत व उनकी टीम का यह प्रयास शादी-व्याह, भात, तीज-त्योहार सहित हर खुशी के मौके पर पेड़-पौधों को भेंट कर समाज में हरियाली बढ़ाने, धरती के बढ़ते तापमान को कम करने तथा बाढ़ व सूखे जैसी प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने की एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि इस अद्वितीय और प्रेरणादायक अभियान को जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ सहित पूरे सत्ताईसा क्षेत्र में फैलाकर गांव-गांव हरियाली और पर्यावरण चेतना को मजबूत किया जाएगा।

भात के इस हरित एवं सुसज्जित कार्यक्रम में श्रीमती संज्या देवी, सीमा यादव, मुकेश देवी यादव, आशा देवी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विशाल यादव, सुरेंद्र यादव (चोमूं), अखिल भारतीय यादव महासभा प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र यादव (चित्रकूट), पर्यावरणविद् दीप सिंह शेखावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला, किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर, शिक्षाविद् जी.एल. यादव, रामेश्वर भाटिया, यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूलाल हूल्डा, साधुराम आफरिया, छींतर मल पटेल, कोषाध्यक्ष बाबूलाल यादव, वैद्य रामकरण यादव, शंभूदयाल अध्यापक, श्रीराम यादव, नरेश यादव सहित जयपुर जिला, सत्ताईसा क्षेत्र तथा राजस्थान के विभिन्न भागों से आए बुद्धिजीवी, प्रकृति प्रेमी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# केटीएम व ट्रियूम्प मोटरसाईकिल शोरूम का हुआ उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर, (नि.स.)।** स्नेहा सेल्स द्वारा संचालित केटीएम व ट्रियूम्प मोटरसाइकल्स के नये अत्याधुनिक शोरूम का शुक्रवार को शोभागपुरा, 100 फीट रोड पर भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर उदयपुर के प्रतिष्ठित अतिथिं, मीडिया प्रतिनिधिं और मोटरसाइकल प्रेमी मौजूद थे। शोरूम के औपचारिक उद्घाटन एवं अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद थे। इस अवसर पर स्नेहा सेल्स से अशोक मेहता, तरुण जैन, आशीष मेहता, संजय वया और लक्ष्य जैन ने बताया कि नए शोरूम का उद्देश्य उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मोटरसाईकिल अनुभव प्रदान कराना है। बजाज ऑटो लिमिटेड के केटीएम एवं ट्रियूम्प मोटरसाईकिल्स की संपूर्ण रेंज, अत्याधुनिक सर्विस सुविधा और प्रीमियम ग्राहक अनुभव हेतु निर्मित आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर इस शोरूम को विशेष बनाते हैं। इस अवसर पर केटीएम एवं ट्रियूम्प के सर्किल हेड ब्रांड के अधिकारी सिद्धार्थ शेरपा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत मे ट्रियूम्प व्यवसाय ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नेटवर्क विस्तार, नए एक्सपीरियंस स्टोर्स और उत्साही राइडर्स समुदाय की बढ़ती संख्या ने ब्रांड को नई पहचान दी है। मोडर्न क्लासिक 400 सीसी रेंज को मिला शानदार प्रतिसाद अपेक्षा से अधिक रहा है और नया थ्रुटॉन 400 इसका एक योग्य विस्तार है। यह बाइक असली कैफे रेसर स्टाइलिंग, रोमांचक परफॉर्मेंस और बेहतरीन बिल्ड क्वालिटी का उत्कृष्ट संगम है।

उन्होंने बताया कि कंपनी भारतीय राइडर्स को सिर्फ मोटरसाइकल ही नहीं, बल्कि ऐसी आइकॉनिक मशीनें उपलब्ध करा रही है जो भावनाओं को जागृत करती हैं और राइडिंग समुदाय को और मजबूत बनाती हैं।

# अनूपगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर ने पदभार ग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ पंचायत समिति में विकास अधिकारी व सरपंचों का विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आपको बता दें कि सरपंचो द्वारा गत 19 दिनों से पंचायत समिति में धरना वह अनशन चला वह दिनांक 25 नवम्बर को सरपंचो द्वारा जलदाय विभाग के ओवर हैंड पर चढ़ने का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में चस्पा किया गया वह चेतावनी दी गई कि यदि शांम को पांच बजे तक विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर को निलंबित नहीं किया गया तो हम शाम को सभी पंचायतों में बने ओवर हेड पर चढ़कर अपनी मांगे मनवाने के लिए कृतसंकल्प है। दिनांक 25 नवम्बर को सायंकाल में सरपंच यूनियन के अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पंचायत 3 एनडी में बने ओवर हैंड पर चढ़ गये वह एक सरपंचो के शिष्टमंडल 9 एलएम में बने पानी के ओवर हेड पर चढ़ गया। श्याम को 8.45 बजे प्रशासन की समझाइश से वह विनोद कुमार रेगर को जयपुर एपीओ का लिखित आश्वासन के बाद सभी सरपंच सहमत हुए वह दिनांक 20 नवम्बर को पंचायत समिति परिसर में अपना अनशन व धरना समाप्त करने की घोषणा की वह पूर्व विधायक पवन दुग्गल ने जुस पिलाकर अनशन तुड़वाया गया व अपनी जीत की खुशियां मनाई । शुक्रवार को जैसे ही आमजन को विकास अधिकारी ने पुन: दुबारा पदभार ग्रहण किया तो माहौल एकदम ही बदल गया। विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर ने बताया कि मुझे स्थानीय प्रशासन ने जो एक जांच कमेटी बनाई गई थी उसमें मेरे को निर्दोष माना गया था जिस आधार पर मेंने जोधपुर उच्च न्यायालय में रिट लगाई थी उसी आधार को मानकर जिला प्रशासन की रिपोर्ट सही मानते हुए मुझे स्थगनादेश मिल गया वह आज मेंने दुबारा अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। भीम आर्मी सर्वदलीय समिति के कार्यकताओं में खुशी का माहौल देखा गया वह विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर को आग्रह किया कि आप एक ईमानदार अधिकारी हो जो कि यहां के सरपंचों को पसंद नहीं आया जो कि सरपंचों ने अपना दबदबा बनाना शुरू कर बदनाम करने की कोशिश की।

# टोरड़ा गुर्जरान में बर्साती नाले पर अतिक्रमण, रास्ता बंद

## पीड़िता सन्ती देवी ने न्याय के लिए भेजा मुख्यमंत्री को डाक पत्र



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** टोरड़ा गुर्जरान गांव में वर्षाती नाले और आम रास्ते पर अवैध रूप से मिट्टी डालकर किए गए अतिक्रमण से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव की निवासी सन्ती देवी पत्नी इन्द्राज बलाई ने इस संबंध में न्याय की गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल को भी डाक द्वारा विस्तृत प्रार्थना पत्र भेजा है।

सन्ती देवी ने बताया कि गांव के आबादी क्षेत्र से गुजरने वाले पहाड़ी वर्षाती नाले व सीसी सड़क पर लगातार रुड़ी व मिट्टी डाली जाती रही, और वर्तमान में जेसीबी मशीन की मदद से पूरे नाले को पाटकर करीब 400 से 500 गज का प्लॉट तैयार कर दिया गया है। इसके चलते उनके मकान का मुख्य दरवाजा व जंगले के सामने भारी-भरकम मिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं, जिससे निकलना तक मुश्किल हो गया है। पीड़िता सन्ती देवी का कहना है कि पहाड़ पर आने-जाने वाले ग्रामीणों सहित आसपास के घरों के लोगों को भी इस अवैध अतिक्रमण से गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। जब उन्होंने अतिक्रमण रोकने का आग्रह किया, तो उन्हें धमकाया गया और दबंगई दिखाते हुए कहा गया कि 'हमारी ऊँची पहुँच है, हमें कोई नहीं रोक सकता, हम ऐसे ही मकान बनाएँगे।' पीड़िता ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर, पावटा उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत टोरड़ा गुर्जरान के सरपंच को भी लिखित प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक उदासीनता के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। न्याय की उम्मीद में थकी-हारी सन्ती देवी ने अब मुख्यमंत्री को डाक पत्र भेजकर निवेदन किया है कि वर्षाती नाला और सीसी सड़क को तुरंत प्रभाव से अतिक्रमणमुक्त कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि गांव में व्याप्त समस्या का समाधान हो सके एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रायसिंहनगर रेलवे स्टेशन का नया लुक देखने को मिलेगा चंद दिनों में

बढ़ता राजस्थान




**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ क्षेत्र के रायसिंहनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य पूर्णता की ओरअमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल के रायसिंहनगर स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से चल रहा है और प्रथम चरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्यकरण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य भी किया जायेगा, लगभग 5 प्रतिशत कार्य हो चुका है। वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबन्धक बीकानेर श्री भूपेश यादव ने बताया कि लगभग 8.66 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यो के अलावा सौंदर्यवर्धन के लिए एलइडी, लाइटिंग तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा। स्टेशन के प्रकाश व्यवस्था में सुधार से संबंधित कार्य तथा हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके अलावा यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हेतु के कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन डिस्पले बोर्ड्स, सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बड़े एलइडी स्क्रीन्स तथा जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक भी लगाया जाएगा। स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था, सुगम, निर्बाध एवं निरंतर तकनीकी रेल कार्यों के संचालन की दृष्टि से हरित ऊर्जा का सोलर ऊर्जा प्लांट भी स्थापित किया जायेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, आवागमन सुगम होगा एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। स्टेशन के पुनर्विकास से स्थानीय कारीगर एवं मजदूरों को रोजगार मिलेगा जिससे उनकी आय बढ़ेगी। स्टेशन के पुनर्विकसित होने से पर्यटन, स्थानीय हस्तशिल्प कला आदि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की लोकप्रियता बढ़ेगी एवं साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस प्रकार स्टेशन के पुनर्विकास से क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा। उल्लेखनीय है कि बीकानेर रेल मंडल पर 22 स्टेशनों का पुनर्विकास एवं बीकानेर स्टेशन का मेजर अपग्रेडेशन हो रहा है।

## बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ (नि.स.)।** उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लिनिक द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28 नवंबर 2025 को हर्ष स्कूल के सहयोग से ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और गैर संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग आदि के पोस्टर बनाए। बच्चों ने पेंसिल और कलर के माध्यम से गैर संचारी रोगों के लक्षण और उपचार को चित्रों के माध्यम से कागज पर उकेरा। इस अवसर पर उप जिला चिकित्सालय के नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी, फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र धाकड़, काउंसलर दीपक शर्मा मौजूद रहे। ड्राइंग प्रतियोगिता में हर्ष धानुक ने कहा की इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका निभाती है। एनसीडी क्लिनिक द्वारा समय-समय पर जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि आमजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने। उल्लेखनीय है कि एनसीडी क्लिनिक सूरतगढ़ द्वारा 26 नवंबर 20250से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया है जिसमें अनेक जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 10 दिसंबर 2025 तक चलेगा।

## रतनसागर झील की टूटी सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**करवर (राकेश नामा)।** क्षेत्र में तलवास पंचायत मुख्यालय पर स्थित रतनसागर झील बरसात में अतिवृष्टि से 22 अगस्त को झील की लम्बी चौड़ी क्षैत्र की पीछे वाली पक्की सुरक्षा दीवार अधिकांश जगह टूट गई थी। दीवार टूटने के साथ ही भारी मात्रा में पानी के साथ मिट्टी भी बह गयी। समाजसेवी मुलचंद शर्मा ने बताया कि टूटी हुई सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए 24 अगस्त को क्षेत्रीय सांसद व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित जिला प्रशासन, उपखंड स्तर के अधिकारियों से अनुरोध किया था लेकिन अभी तक निर्माण कार्य नहीं हुआ । स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते दीवार का निर्माण एवं मिटटी भराई का कार्य नहीं हो पाया तो आगामी समय में क्षैत्र की जनता को भारी ख़तरे का सामना करना पड़ सकता है।

रतनसागर झील जिले की महत्वपूर्ण झील है। जिले में पर्यटन की दृष्टि से भी इस झील का सौंदर्य बहुत जरूरी है। समाजसेवी ने जिला व उपखंड प्रशासन से मांग कि है, रतनसागर झील की टूटी सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य जल्द ही शुरू करावे , ताकी भविष्य में जन-धन हानि की संभावनाएं से बचा जा सके।

## अवैध निर्माण को लेकर महिला पार्षद ने दिया धरना, आश्वासन के बाद धरना समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** कस्बे के नगर रोड़ तिरूपति कॉलोनी में जारी अवैध निर्माण को रोकने के लिए पालिका के एक कांग्रेस महिला पार्षद धरने पर बैठ गई। महिला पार्षद का धरना दिया जाने पर पालिका प्रषासन हरकत में आ गया। अधिषाशी अधिकारी बृजभूषण शर्मा ने जेईन रवि वर्मा को अतिक्रमण दस्ता मौके पर भेजा गया। कांग्रेस की महिला पार्षद शहनाज बानो का आरोप है,कि डॉ समुदर लाल मीणा द्वारा नगर रोड तिरूपति कॉलोनी में मकान निर्माण करवाया जा रहा है। जो कनर्वजन नहीं है। सीमा निर्धारित नहीं है। पालिका से कोई निर्माण स्वीकृति नहीं ली गई है। अवैध निर्माण को रूकवाने को लेकर उन्होने 20 नवम्बर को ही अधिषाशी अधिकारी को लिखित में सुचना दी गई थी लेकिन पालिका प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे आहत होकर महिला पार्षद शहनाज बानो शुक्रवार दोपहर को पालिका कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गई।

सांय 6 बजे धरने से उठी पार्षद- पालिका जेईन रविकुमार वर्मा ने बताया कि ई.ओ के निर्देश पर शनिवार एंव रविवार को कोई कार्य नहीं चलेगा। शुक्रवार को सामान जप्त करके निर्माण कार्य बंद करवा दिया है। दूसरी ओर ई.ओ ने बताया कि निर्माण करवाने वाले डॉ समुदर लाल मीणा से दस्तावेज मांगे गये है। दस्तावेजो की जॉच उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## भारतीय सिंधु सभा ने किया सामुहिक जनेऊ संस्कारित बच्चों की शोभायात्रा का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। भारतीय सिंधु सभा द्वारा आज गोविंद धाम सिंधु नगर में आयोजित सामुहिक जनेऊ संस्कारित बच्चों की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि शोभायात्रा यात्रा के साथ पधारे संत महात्माओं का माल्यार्पण एवं ओपरणा पहनाकर कर स्वागत किया गया। ओम प्रकाश गुलाबानी ने कहा कि शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा के साथ-साथ सभी सम्मिलित लोगों को प्रसाद के रूप मे फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरुमल पुरसानी, लालचंद नथरानी, परमानंद गुरनानी, हीरालाल गुरनानी, परमानद तनवानी, नरेंद्र रामचंदानी, किशोर कृपलानी, बलराम किशनानी, ढालुमल सोनी, लक्ष्मण सबनानी, दौलतराम सामतानी, कैलाश कृपलानी, कमल वेशनानी, विनोद झूरानी, हरीश सखरानी, गुलशन विधानी, जितेंद्र रंगलानी, राजेश माखीजा, मनीष सबदानी, राम खोतानी, इंद्र अवतानी आदि उपस्थित थे।

सरगांव व पिलानी में अवैध खनन पर जिला प्रशासन की करारी कार्रवाई

# तीन स्थानों पर फैल्सपार का अवैध खनन पकड़ा, 27.89 लाख की पेनल्टी,एफआईआर प्रक्रिया शुरू

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला कलेक्टर ब्यावर एवं अधीक्षण खनिज अभियंता अजमेर के निर्देशों पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सरगांव और पिलानी क्षेत्र में अवैध फैल्सपार खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान तीन विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन की पुष्टि हुई। प्रत्येक मामले में पिट का नाप लेते हुए टन में खनिज का आंकलन किया गया और संबंधित आरोपियों पर पेनल्टी लगाई गई। सभी मामलों में थाना सदर में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**सरगांव -देवस्थान भूमि पर 208 टन फैल्सपार निकाला:** ग्राम सरगांव में खसरा सं. 1097 (रकबा 1.0603 हेक्टेयर) देवस्थान भूमि पर अवैध फैल्सपार खनन पाया गया।जांच में यह खनन मदन भारती पुत्र मांगीलाल (गोसाई) द्वारा किया जाना पाया गया पिट का नाप 10 मीटर म 8 मीटर म 1 मीटर लिया गया, जिसमें लगभग 208 टन खनिज का अवैध निर्गमन पाया गया। खनिज विभाग ने इस पर 2.69 लाख की पेनल्टी आरोपित की है। संबंधित के विरुद्ध थाना सदर में एफआईआर प्रस्तावित है।

**पिलानी-सिवायचक भूमि में 1911 टन का सबसे बड़ा अवैध खनन :** ग्राम पिलानी में सिवायचक भूमि एवं इससे जुड़े खातेदारी खसरा नंबरों पर व्यापक अवैध खनन की पुष्टि हुई। मौके की जांच में राजू पुत्र हरिराम और गोविन्द पुत्र प्रताप (गुर्जर) द्वारा फैल्सपार निकासी किया



जाना पाया गया। पिट का नाप 70 मीटर म 7 मीटर म 1.5 मीटर लिया गया, जिससे लगभग 1911 टन खनिज निकाले जाने का आकलन किया गया इस पर कुल ?23.13 लाख पेनल्टी आरोपित की गई दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई प्रगति पर है।

**पिलानी- दांती सिवायचक भूमि पर 156 टन खनन भी पकड़ा:** पिलानी के ही खसरा सं. 197 (रकबा 1.2383 हेक्टेयर) दांती सिवायचक भूमि पर भी अवैध खनन करते हुए तेजकरण पुत्र प्रताप (गुर्जर) पकड़ा गया पिट का नाप 12 मीटर म 5 मीटर म 1 मीटर लिया गया, जिसमें लगभग 156 टन फैल्सपार का अवैध निर्गमन पाया गया। इस पर 2.07 लाख पेनल्टी आरोपित कर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

**कुल पेनल्टी 27.89 लाख पहुंची :** इन तीनों मामलों में विभाग ने कुल ?27.89 लाख की पेनल्टी फाइनल की है खनिज एवं राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई ने क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है कि बिना अनुमति खनन के खिलाफ अब सख्त कदम जारी रहेंगे।

## रोजगार सहायता शिविर जिला कलक्टर ने युवाओं को रोजगार के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, झालावाड़. के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झालावाड़ में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 1055 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला कलक्टर ने युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने एवं निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं को जिले के अधिक से अधिक युवाओं का रोजगार के लिए चयनित करने हेतु प्रेरित किया।

जिला रोजगार अधिकारी अंकुर शर्मा ने बताया कि शिविर में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नून हॉस्पिटल भवानीमंडी, स्वतंत्र माइक्रो फिन लि. कोटा, ग्रो फास्ट ऑर्गेनिक डायमण्ड, प्रा.लि. भोपाल, राजस्थान टेक्स टाइल मिल्स, भवानीमण्डी, एस.आई. एस रिक्योरिटी जयपुर, परिधि फाउण्डेशन, टीवीएस ग्रुप, चेतन्य माइक्रो फाइनेंस, भुमि टेक केयर, लीड सिक्योरिटी, जयपुर, श्रीराम लाइफ इश्योरेंस, अक्षय पात्र जयपुर, भाटिया एण्ड कम्पनी, झालावाड़, ऑल इण्डिया जॉब्स कोटा, एम.आर. एफ. टायर जयपुर, एस.बी.आई. लाइफ इश्योरेंस झालावाड़, एवं एच.डी.एफ.सी.लाइफ इश्योरेंस झालावाड द्वारा टेक्नीशियन, रिलेशनशिप ऑफिसर, ऑपरेटर, स्टोर असिस्टेंट, स्टोर असिस्टेंट, फील्ड ऑफिसर, मशीन ऑपरेटर, ग्रुप. लीडर, कस्टमर रिलेशन एक्जीक्यूटीव, सेल्स एक्जेक्यूटीव, लाइफ मित्रा, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, आदि पदों पर भर्ती की गई।

शिविर में रोजगार के लिये कुल 480 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया जबकि राजस्थान आजीविका विकास निगम द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थानों, प्रथम एजूकेशन फाउण्डेशन, उदयपुर, पी.एन.बी. आरसेटी झालरापाटन, ने रोजगार परक प्रशिक्षण के लिये 124 आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम लि. झालावाड़ ने कुल 20 आशार्थियों को स्व-रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में 22 संस्थानों ने भाग लिया। शिविर में प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, संस्थान, झालावाड, राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित एवं विकास लि. झालावाड से ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फ़ाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की गवर्निंग काउंसिल की प्राप्त सहमति एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा के आधार पर निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। विधायक कृपलानी ने बताया कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के रा.उ.मा.वि. बडोली घाटा में 3 कक्षा कक्ष, रा.उ.मा.वि. रानीखेड़ा में 2 कक्षा कक्ष, रा.उ.मा. वि. अरनोदा में 3 कक्षा कक्ष, रा.व.उ.स.वि. जावदा में 2 कक्षा कक्ष, रा.उ.प्रा. विद्यालय मोहठा बरखेड़ा में 2 कक्षा कक्ष, रा.उ.प्रा. विद्यालय कृपाराम जी खेड़ा में 3 कक्षा कक्ष, रा.उ.प्रा. विद्यालय मड्डा गुलफरोशन में 3 कक्षा कक्ष, रा.प्रा. विद्यालय बामनिया में 2 कक्षा कक्ष, रा.प्रा. विद्यालय रणछोड़पुरा में 2 कक्षा कक्ष, रा.उ.मा.वि. कदमाली में 2 कक्षा कक्ष सहित रा.उ.मा.वि. अरनिया माली में 2 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष एवं बरामदा निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र के मं.गा.रा. विद्यालय कासोद, रा.उ.प्रा. विद्यालय सरलाई, रा.उ.प्रा. विद्यालय विजयपुरा, रा.प्रा. विद्यालय हीराजी का खेड़ा, रा.उ.प्रा. विद्यालय श्रीनगर, रा.बा.उ.मा. विद्यालय नवीन निम्बाहेड़ा, रा.उ.प्रा. विद्यालय मेवासा की ढाणी, रा.उ.प्रा. विद्यालय मोहेड़ा, रा.प्रा. विद्यालय बंजारो का खेड़ा, रा.प्रा. विद्यालय चरलिया मेवासा, रा.प्रा. विद्यालय लक्ष्मीपुरा, रा.प्रा. विद्यालय सगवाडिया, रा.प्रा. विद्यालय अहीरपुरा, रा.बा.उ.मा. विद्यालय कनेरा, रा.उ.प्रा. विद्यालय अरनिया पालीवाल, रा.उ.मा. विद्यालय श्रीपुरा, रा.उ.मा. विद्यालय बड़ावली, रा.उ.मा. विद्यालय उखलिया, रा.उ.मा. विद्यालय अरनोदा, रा.उ.मा. विद्यालय रानीखेड़ा, रा.बा.उ.मा. विद्यालय ढोरिया में भवन मरम्मत तथा रा.प्रा. विद्यालय नारदिया में भवन मरम्मत एवं बालक-बालिका शौचालय कार्य, रा.उ.प्रा. विद्यालय सेगवा में भवन मरम्मत एवं शौचालय निर्माण, रा.उ.प्रा. विद्यालय चरलिया ब्राह्मण में भवन मरम्मत एवं शौचालय कार्य, रा.उ.प्रा. विद्यालय कोचवा में भवन मरम्मत एवं शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी हुई है। विधायक कृपलानी ने कहा कि इन विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण, भवन मरम्मत एवं शौचालय निर्माण के साथ ही अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए 651.90 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कृपलानी ने बताया कि इसी प्रकार रा.उ.मा. विद्यालय टाई में प्रार्थना स्थल पर डॉम निर्माण के साथ ही धीनवा में खेल मैदान निर्माण के लिए 10-10 लाख रुपये की स्वीकृति जारी हुई है।

## औचक निरीक्षण: अस्पताल के गेट पर और सीढ़ियों में मिली गंदगी, सुधार के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे दिनेश कुमार जलुथरिया ने शुक्रवार को सुबह जनाना चिकित्सालय में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार किया गया। केन्द्र पर इन्चार्ज सुनीता शर्मा एवं काउंसलर राधारानी साहू उपस्थित मिली, कोई भी आश्रित महिला वर्तमान मे सेन्टर में निवासरत नहीं है। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं, रजिस्टर संधारण, आवासित पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा, खानपान, चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय आश्रित महिलाओं के शयनकक्ष की जांच की गई एवं केंद्र में मौजूद अन्य स्टाफ से बातचीत की गई एवं उन्हें पीडित महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, उनकी गोपनीयता बनाए रखने एवं हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जनाना चिकित्सालय के एंट्री गेट पर गंदगी मिली एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर तक जाने वाले रास्ते में सीढियों में भी गंदगी मिली, जिसके संबंध में उपस्थित कर्मचारियों को संबंधित हितधारकों एवं प्राधिकारियों से समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई करवाने के निर्देश और सुझाव प्रदान किए गए।

## 'समिति के प्रयासों से दुर्घटनाओं में आई कमी'

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़, (नि.स.)।** जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने एजेण्डावार संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि सडक़ सुरक्षा समिति के प्रयासों का परिणाम बेहद सकारात्मक रहा है जिसके तहत गत माह में सडक़ दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में काफी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सडक़ सुरक्षा समिति के माध्यम से ऐसे प्रयास किए जाएं ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में एक वर्ष में 100 से अधिक व्यक्तियों की जान बचाई जा सके। जिला कलक्टर ने शराब की दुकानों के आसपास बैठकर शराब पीने वालों एवं संबंधित दुकानदार के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर भी मुख्य रूप से कार्यवाही की जाए। इस दौरान गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुए आगामी योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलक्टर ने जिले के ब्लैक स्पॉट के आसपास एम्बुलैंस के चिन्हीकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए ताकि सडक़ दुर्घटना होने पर कम से कम समय में घटना स्थल पर एम्बुलैंस पहुंच सके। बैठक के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश चन्द मीणा, जिला परिवहन अधिकारी समीर जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वैदिक परंपरा, भक्ति और राष्ट्रभावना से गुंजायमान हुआ शहर

# आर्य समाज ब्यावर का 141वां वार्षिक उत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज द्वारा आयोजित 141वां वार्षिक उत्सव तथा आर्य समाज स्थापना के 150वें स्वर्णिम वर्ष का चार दिवसीय कार्यक्रम गुरुवार को विधिवत्, हर्षोल्लास, उमंग और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञ, भजन, उपदेश, नगर शोभायात्रा और ऋषि प्रसाद के प्रमुख धार्मिक आयोजनों ने पूरे शहर को वैदिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

प्रातःकालीन यज्ञ, भजन और उपदेश आर्य समाज यज्ञशाला में तथा रात्रिकालीन कार्यक्रम दयानंद आर्य बालिका महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुए आर्य समाज ब्यावर के मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि समापन दिवस की सुबह देहरादून से पधारे वैदिक विद्वान सत्यव्रत आर्य के ब्रह्मत्व में बृहद यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई। यजमान तारा-भूदेव आर्य, चंद्रकांता-नरेन्द्र आर्य, सुशीला-विजय काबरा आदि ने सपत्नीक वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य आहुतियाँ प्रदान कीं।

समापन सत्र में आर्य जगत के अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान, ओजस्वी वक्ता सच्चिदानंद महाराज ने वेद, विज्ञान और परमात्मा के स्वरूप पर प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा जिस प्रकार बिना कर्ता के कोई कार्य नहीं हो सकता, उसी प्रकार यह सृष्टि परमात्मा की कर्ता शक्ति का प्रमाण है। वेद मानवता का सनातन संविधान है इसके बाद भव्य सम्मान समारोह में स्वामी सच्चिदानंद महाराज, दिनेश पथिक, सत्यव्रत आर्य को श्रीफल, ओऊम् दुपट्टा, शॉल और महर्षि दयानंद सरस्वती का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बाहर से आए साधु-संतों और अतिथियों का भी शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में सुंदर व्यवस्थाओं की सर्वत्र सराहना की गई। संचालन अभयदेव आर्य ने किया। मंत्री राजेंद्र काबरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया समापन समारोह में प्रधान भूदेव आर्य, उपप्रधान नरेन्द्र आर्य, मंत्री राजेंद्र काबरा, वैभव तोषनीवाल, ओमप्रकाश नवाल, डॉ. लालचंद हेडा, अभिमन्यु गहलोत, रामेश्वर भूतड़ा, सीताराम चौहान, कैलाश छिपा सहित आर्य समाज के दर्जनों पदाधिकारियों, देशभर से आए सैकड़ों साधु-संन्यासियों, आर्य बंधुओं, नागरिकों, मातृ शक्ति, युवक-युवतियों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही चार दिवसीय आयोजन ने ब्यावर में मानो आर्य धर्म सभा का दृश्य प्रस्तुत कर दिया।

# मिशन भयमुक्त राजस्थान, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का जालुकी से जीरो टॉलरेंस का शंखनाद

## समीक्षा बैठक में दो टूक अपराधी या तो अपराध छोड़ दें, या फिर इलाका

### जनसुनवाई में मंत्री ने पेश की तात्कालिक न्याय की नजीर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सरकार के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को पुलिस थाना जालुकी का सघन दौरा कर प्रशासनिक और पुलिस कार्यप्रणाली में एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंत्री महोदय का यह दौरा मात्र एक निरीक्षण नहीं, बल्कि क्षेत्र में श्भयमुक्त समाजश् की स्थापना और श्आमजन को त्वरित न्यायश् दिलाने के संकल्प का एक सशक्त प्रदर्शन था। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि पुलिस की वर्दी का इकबाल हर हाल में बुलंद रहना चाहिए।

### जनसेवा संवैधानिक दायित्व नहीं, आत्मिक दिनचर्या

समीक्षा बैठक और विशाल जनसुनवाई के उपरांत अपने उद्बोधन में गृह राज्य मंत्री ने अपनी प्रशासनिक दार्शनिकता को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, जनसुनवाई मेरे लिए कोई सरकारी प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि मेरी दिनचर्या और स्वभाव का अभिन्न अंग है।

श्री बेढ़म ने जोर देकर कहा कि उनकी कार्यशैली का मूल मंत्र है- तात्कालिक समाधान। उन्होंने कहा, जब मैं क्षेत्र के दौरे पर निकलता हूँ, तो मेरा उद्देश्य केवल मिलना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना होता है कि जो व्यक्ति पीड़ित होकर मेरे पास आया है, वह समाधान लेकर ही वापस जाए।ष् इसी ध्येय के साथ उन्होंने जालुकी थाने पर ही श्जनता दरबारश् लगाया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देकर दर्जनों समस्याओं का हाथों-हाथ निस्तारण करवाया।

### सुरक्षा व्यवस्था अपराधियों पर वज्र-प्रहार, शांति रहे अक्षुण्ण

थाना परिसर में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मंत्री जी ने जिला पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश मीणा और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा के रोडमैप पर चर्चा की। शून्य सहिष्णुतारू उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द हमारी पूंजी है। इसे बिगाड़ने का प्रयास करने वाले और अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी जिससे अपराधी अपराध का विचार ही त्याग दें।

सतत सतर्कतारू पुलिस तंत्र इतना सक्रिय रहे कि घटना से पूर्व ही रोकथाम सुनिश्चित हो सके।



### थाने का होगा आधुनिक कायाकल्प

एक सक्षम पुलिस बल के लिए संसाधनों की महत्ता को समझते हुए, गृह राज्य मंत्री ने जालुकी थाने के नवनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने अधिकारियों के साथ नए भवन के नक्शे और सुविधाओं पर विस्तृत विमर्श किया, जिससे पुलिसकर्मियों को कार्य करने के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण मिल सके। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मनुष्य को अहंकार, क्रोध एवं दुष्कर्म का त्याग करना चाहिए

## भागवत कथा वाचक का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** गायत्री परिवार के तत्वावधान में तिलकनगर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज व्यास पीठ से भगवानदास रामभक्त कथावाचक ने बताया कि मनुष्य को अहंकार, क्रोध, दुष्कर्म का त्याग करना चाहिए, इन तीनों दुष्प्रवृतियों का त्याग करने वाला ही मनुष्य श्रेष्ठ कहलाता है। कथावाचक ने कहा कि द्वापर युग में अहंकार व क्रोध के कारण ही श्रीकृष्ण ने इन्द्र की पूजा बंद करा दी थी इस पर इन्द्रदेव कुपित हो गये और ब्रज क्षेत्र में भारी वर्षा, आंधी, तूफन के माध्यम से ब्रजवासियों को घोर संकट में डाल दिया, तब श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को 7 दिन तक अंगूठी पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की, गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई, कथा में कंस के द्वारा देवकी वसुदेव एवं यदुवंशीयों के साथ अत्याचार का विस्तार से वर्णन करते हुए कंस वध की कथा सुनाई। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा में पधारे भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा संरक्षक मोहनलाल मित्तल व अन्य पदाधिकारी विष्णु लोहिया, महेश गोयल सर्राफ, अर्जुन बंसल, आलोक बंसल, महेशचंद सिंघल, संतोष गर्ग एवं विनोद कुमार मेडीकल सआदि ने कथावाचक रामभक्त का साफ, साल, पटका, माला पहनाकर एवं प्रतीक चिंह श्री राधारमण की तस्वीर देकर सम्मानित किया एवं राधाकृष्ण गो सेवा समिति के चतुर्भुज गुप्ता, हेमन्त फौजदार आदि ने भी कथावाचक का सम्मान किया।

# सदर पुलिस ने हत्याकांड के फरार आरोपी के साथ डकैती का मुजरिम पकड़ा

## संडपुरा गांव में हुई डकैती का माल किया बरामद



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर दो कार्रवाई करते हुए हत्याकांड के मामले में 6 महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में दो महीने पूर्व हुई डकैती की घटना की घटना का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को डकैती के सामान सहित दबोचा है। सदर पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में शामिल एक बिना नंबर की अपाची बाइक भी जप्त की है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशक वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया है। ऐसे में जरिये मुखबिर सूचना मिलने पर बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई में गांव छावड़ी पुरा में 26 मार्च 2025 को हुए अरुण सिंह पुत्र जसवंत गुर्जर की गोली मारकर हत्या के मामले में फरार आरोपी रामकेश उर्फ रमाकांत उर्फ रामू पुत्र मलखान गुर्जर को मत्सुरा गांव के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्याकांड में शामिल था और वारदात के बाद से फरार चल रहा था।

# खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजन हेतु वॉलिंटियर्स की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** 1 से 5 दिसम्बर तक लोहागढ स्टेडियम भरतपुर में आयोजित होने वाली खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफ्ल आयोजन हेतु बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तकनीकी अधिकारी डॉ. राकेश चाहर, भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ. संदीप देशवाल, राजस्थान बॉक्सिंग संघ की मुख्य कोच मनीषा चाहर द्वारा वॉलिंटियर्स की बैठक लेकर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफ्ल आयोजन हेतु दिशा निर्देश दिये ।राजस्थान बॉक्सिंग संघ एवं बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया की संस्तुति पर भारतीय खेल प्राधिकरण खेलो इण्डिया द्वारा 01 से 05 दिसम्बर तक भरतपुर में आयोजित होने वाली खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अभिषेक चौधरी, हर्ष कुमार, नितिन सोलंकी, योगेन्द्र चौधरी, गौरव शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, पुनीत फौजदार, लोकेन्द्र फौजदार सिनसिनी, हीरेन्द्र फौजदार, रिषु कुन्तल कुल 10 वॉलिंटियर्स मनोनीत किये गये हैं।

# उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यदि अनियमिता की गई तो की जाएगी सख्त कार्रवाई-राम कुंवर जाट

## सरसों का बीज अबमानक पाए जाने पर बीज विक्रेता को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले उर्वरको की बेहतर व्यवस्था के उद्देश्य से संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार डीग राम कुंवर जाट द्वारा कुम्हेर कस्बे में पीतलिया कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सरसों के बीज का नमूना अमानक पाए जाने पर उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके बाद उन्होंने राहुल खाद बीज भंडार का निरीक्षण किया।

संयुक्त निदेशक जाट ने कहा है कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में यूरिया उर्वरक की कृषकों द्वारा टॉप ड्रेसिंग की जा रही है। यूरिया का जिले में स्टॉक उपलब्ध है, यूरिया एवम अन्य उर्वरकों की जिले में लगातार आपूर्ति जारी है । किसानो को चाहिए कि वह यूरिया की खरीद वर्तमान में आवश्यकता होने पर ही करें। अनावश्यक भंडारण नही करें ।उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित कर दिया गया है कि वह कृषकों को उचित दर पर ही उर्वरकों का वितरण करें। यदि इसमेंअनियमितता बरती गई तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# मंजरी फाउण्डेशन ने महिलाओं को कराया सम्मानजनक आजीविका का सफर

## घर की चौखट से मॉल की शेल्फ तक, ग्रामीण महिलाओं ने 12 साल में खड़ा किया अपना साम्राज्य

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मंजरी फाउंडेशन ने पिछले एक दशक में राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को संकट से सम्मानजनक आजीविका तक का सफ्र कराया है। आज यह मॉडल देश के सबसे सफ्ल महिला-संचालित सूक्ष्म उद्यम इको-सिस्टम में से एक है।

### यात्रा की मुख्य उपलब्धियाँ

मसाले, दालें, अचार, शहद, सरसों तेल, दुग्ध उत्पाद, मिलेट कुकीज, स्नैक्स, पशु आहार और टेक्सटाइल, हस्तशिल्प से जुडी 30 से अधिक महिला-संचालित उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की इनमे दो स्वतंत्र मार्केटिंग कम्पनियाँ कटोरी फूड एंड बेवरेजेस प्रा. लि.और झुल्की (टेक्सटाइल व हस्तशिल्प) जिनके शेयर और बोर्ड में उत्पादक महिलाओं का पूर्ण स्वामित्व वाली शामिल है। 250 से अधिक उत्पाद श्रेणियाँ विकसित, जिनमें प्राकृतिक इंडिगो डाई, ब्लॉक प्रिंट, जीरो वेस्ट प्रोडक्ट्स शामिल हैं।



महिलाओ के बने उत्पाद रिलायंस स्मार्ट मॉल (दिल्ली-एनसीआर) में शॉप-इन-शॉप, अमेजन, फ्लिपकार्ट, जीयो मार्ट, बिग बास्केट, ओएनडीसी पर उपलब्ध है ।अब 100 प्रतिशत नकद लेन-देन और 10,000 की अपनी पूँजी लगाकर महिलाएँ 4,000 से 25,000 रुपए मासिक तक कमा रही हैं कई ने तो अपने गाँव में दुकानें खोल लीं।

### सामाजिक प्रभाव

ग्रामीण महिलाये औसतन 6 से 7 हजार रूपये महीना तक कमा रही है और कई महिलाएँ 15 से 30 हजार तक कमा रही हैं। अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़े वर्ग की हजारों महिलाएँ अब घरेलू काम से निकलकर उद्यमी बनीं बल्कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, घरेलू तनाव में कमी, खुशहाली सूचकांक में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। झुल्की की कार्यकारी अधिकारी किरण ने बताया कि यह सिर्फ उद्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक आजादी और आत्म-सम्मान की यात्रा है।

# राम दरबार बामनी नदी आश्रम पर भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

## पूज्य संत पुरुषोत्तम दास महाराज की बीसवीं बरसी पर हो रहा आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के सरमथुरा रोड स्थित राम दरबार बामनी नदी आश्रम में शुक्रवार से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है। यह आयोजन दिवंगत संत गुरुदेव पुरुषोत्तम दास महाराज की 20वीं बरसी के अवसर पर किया जा रहा है। आयोजन से पूर्व शहर में कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। यह भागवत कथा 6 दिसंबर तक चलेगी। कथा की पूर्णाहुति पर 7 दिसंबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री राम दरबार बामनी नदी आश्रम के संत बनवारी दास महाराज ने बताया कि आश्रम की स्थापना करने वाले पूज्य गुरुदेव पुरुषोत्तम दास महाराज का 20 वर्ष पूर्व देवलोक गमन हो गया था। तब से हर वर्ष उनकी बरसी पर आश्रम के संतों और शहर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। कथा का वाचन सबलगढ़ से आए पंडित सत्यम पाराशर शास्त्री कर रहे हैं। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक संत आश्रम पर होगा। भागवत कथा की शोभायात्रा में आश्रम के संत रामभरोसी दास महाराज,राधेश्याम महाराज,हरिराम एवं अन्य संत समाज के साथ शहर के महिला,पुरुष और आश्रम से जुड़े श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सचिव रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया एवं वन स्टॉप सेंटर में दर्ज हिंसा पीड़ित महिलाओं के केस रजिस्टरों की भी जांच की तो रजिस्टरों में एंट्रियां सही पाई गई एवं निरीक्षण दौरान केंद्र प्रबंधक ने बताया कि एक महिला उपस्थित है जिसको मेडिकल के लिए ले जाया गया है एवं एक महिला जिसको 28 नवम्बर को उसके केस का निस्तारण कर उसके घर भेज दिया गया है। साथ ही सचिव ने वन स्टॉप सेंटर में सभी कमरों की साफ-सफाई, पंखे, भोजन, पानी एवं सर्दियों के मौसम को देखते हुए उसके बचाव हेतु उपलब्ध रजाई गद्दों इत्यादि का भी निरीक्षण किया।

# आईएएस संतोष वर्मा की ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी का विरोध

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज ने फूंका पुतला, प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी और ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर दिए अनर्गल बयान पर शुक्रवार को शहर की सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा उपखंड अधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया साथ में आईएएस संतोष वर्मा का पुतला जलाया और प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौपा।

बाड़ी सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष पवन चंसोरिया ने बताया की एक आईएएस को इस प्रकार किसी जाति विशेष पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। देश मे सर्वमान्य, सर्वपूज्य ब्राह्मण समाज और उसकी बेटियों पर जो टिप्पणी की है। वह विप्र समाज पर बर्दाश्त नहीं है। ऐसे में विप्र समाज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौपा है। जिसमें आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए आईएएस संदीप वर्मा का पुतला भी जलाया गया। इसके बाद उपखंड अधिकारी को पीएम के नाम ज्ञापन सोपा। इस दौरान विप्र समाज के ट्रस्टी अध्यक्ष एडवोकेट रवि पचौरी, महामंत्री विजय दीक्षित, शिवकुमार खेमरिया, बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक, वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यदेव चंसोरिया, भगवती शर्मा, सुजीत कुमार, राकेश लवानिया, एडवोकेट जगदीश लहचोरिया, सुरेश कनुआ, प्रमोद मुद्गल, शुभम शर्मा, ऋषभ शर्मा, डरुआ राम शर्मा, पंकज लहचौरिया के साथ तमाम विप्र बन्धु मौजूद रहे।

# मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जुड़वाने में महिला कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभाएं - नंदवाना

## जिला अध्यक्ष स्वेता यादव ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एस आई आर अभियान में वी एल ए की मदद करने का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग की लाला मुरारी लाल स्मृति धर्मशाला में शुक्रवार को महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष स्वेता यादव की अध्यक्षता में डीग महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस प्रभारी प्रियंका नंदवाना ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाओं को शिक्षित होने और राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत करने के लिए महिलाओं को आगे आकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने और बूथ लेबिल एजेंटो की मदद का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपको ऊर्जा वान जिला अध्यक्ष मिली है जो पेशे से अधिवक्ता है।आप फिर से जुड़ कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें। जिला अध्यक्ष स्वेता यादव ने कहा कि सभी महिला कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़कर पार्टी की रीतिनीतियों को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष स्वेता यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रभारी प्रियंका नंदवाना का गर्मजोशी से स्वागत किया । कार्यक्रम में कर जिला अध्यक्ष स्वेता यादव द्वारा 250 महिलाओं कार्यकर्ताओं का शाल उड़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कविता गुर्जर, पंकज भूषण गोयल, शिवा गाजिया, दिनेश मोनी, शिफा कामा, सुनीता सहित बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद थी।



# कांग्रेस महिला जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## संगठन सुदृढ़ीकरण, महिला नेतृत्व व आगामी रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कांग्रेस कार्यालय भीलवाड़ा में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अल्का लंबा एवं राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशन भीलवाड़ा में कांग्रेस महिला जिला कार्यकारिणी महत्वपूर्ण बैठक बड़े उत्साह, ऊर्जा और जोश के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिलेभर की महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई।

बैठक का संचालन जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रेखा हिरण ने किया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं भीलवाड़ा महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती रिक्की सिंह (भरतपुर) एंव भीलवाड़ा ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल जाट एवं प्रभारी रिक्की सिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व भीलवाड़ा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष, रामलाल जाट तथा पूर्व सभापति ओम प्रकाश नाराणीवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए रिक्की सिंह ने जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति, कांग्रेस में महिला नेतृत्व को सशक्त प्रतिनिधित्व, आगामी चुनावों हेतु प्रशिक्षण, बूथ मजबूती व विशेष अभियान, महिलाओं की सीधी भागीदारी बढ़ाने का संकल्प, नारी न्याय सम्मेलन आयोजित करने पर व्यापक चर्चा की गई।



### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर बड़ा ऐलान

ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल जाट ने संबोधन में कहा कि राजनीति से जुड़ी और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए 10से 15 महिलाओं के समूह तैयार किए जाएंगे। इन समूहों को उनके कौशल के अनुसार विशेष प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और घर-परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकें।

जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने बताया कि संगठन को बूथ व ब्लॉक स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

### बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी

प्रभारी रिक्की सिंह, रेखा हिरण, मधु जाजू, लीला देवड़ा, रुकमणी, अनिता पहाड़ियाँ, साधना रंगरेज, राजमणी व्यास, शमीम बानू, काता कंवर, अर्चना दुबे, अल्का लढ़ा, रविंदर कौर, किरण जाटणी, योगिता सुराणा, मोनिका किश्नन, रेखा भट्ट, शमा बानु, निसार बानू, शाकिरा, राजी, नफीसा, सलमा, विमला सोनी, जशोदा गवारिया, अनिता रावल, वंदना कंवर, सुशिला बैरवा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## जागरूकता के लिए अलवर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों के साथ एक सहयोगात्मक मीटिंग का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ़ टैक्सपेयर सर्विस अहमदाबाद ज़ोनल यूनिट सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स की एक डेडिकेटेड विंगद्ध के ऑफिसर्स श्री संजय व्यास और अनिल श्रीधरन दोनों ने अलवर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों के साथ उनके चैंबर परिसर में एक सहयोगात्मक मीटिंग की। यह आउटरीच अलवर कमिश्नरेट के द्वारा टैक्सपेयर सर्विस इंस्पेक्शन का हिस्सा है। बैठक के दौरान, डीजीटीएस एजेडयू अधिकारियों ने सीबीआईसी द्वारा अपने संशोधित नागरिक चार्टर में घोषित प्रतिबद्धताओं के कार्यान्वयन के संबंध में सीजीएसटी और सीमा शुल्क के कार्यकारी आयुक्तालय का निरीक्षण करने और करदाताओं, संबंधित हितधारकों और केंद्र सरकार के अप्रत्यक्ष कर विभाग के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने की डीजीटीएस की कार्यात्मक भूमिका के बारे में बताया। चैंबर के सदस्यों को यह भी समझाया गया कि जीएसटी और सीमा शुल्क दोनों से संबंधित शिकायत निवारण भी डीजीटीएस के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है इन एरिया में भविष्य के प्रोग्राम शुरू करने के लिए समय.समय पर बातचीत करने पर भी सहमति बनी।

## त्रेहान होम डवलर्पस के सीएमडी हर्ष त्रेहान व अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी का देश की राजधानी में हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** एक सम्मान समारोह में दिल्ली की एक निजी होटल में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा तीन राज्यों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चुनिंदा उद्योगपतियों को मंच पर सम्मान दिया गया। इसी कर्म में रियल स्टेट में बेहतरीन कार्य कर लोगों को घर देने वाले त्रेहन होम डवलर्पस के सीएमडी और अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी को मंच पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महान विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर सामाजिक जागरण के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन गरीब, पिछड़ों एवं महिलाओं के उत्थान तथा सामाजिक जड़ताओं को दूर करने के लिए समर्पित किया। उनका मानना था कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नारी शक्ति के प्रोत्साहन के लिए उनके प्रगतिशील विचार और सामाजिक परिवर्तन में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग के उन्नयन में अपना योगदान दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाल विवाह को लेकर प्रशासन सख्त

## महिला के अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी के साथ बाल विवाह के विरोध में बनने वाले क़ानून 2006 की जानकारी दी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को महिला बाल अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत महिला सुरक्षा सलाह केंद्र मोती डूंगरी कि कार्यकर्ताओं द्वारा विजय मंदिर स्थित आनंदम आश्रम की महिलाओं एवं वहाँ के पूरे स्टाफ़ को महिला के अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी के साथ बाल विवाह के विरोध में बनने वाले क़ानून 2006 की जानकारी दी इसके साथ उन सभी से शपथ ली कि वो बाल विवाह में शामिल नहीं होंगे अगर उनके आस पास बाल विवाह का पता चलता है तो सूचना संबंधित विभाग को फ़ोन के द्वारा बताएँगे बाल विवाह मुक्त अभियान में भागीदारी निभाएंगे कार्यक्रम में महिला सुरक्षा सलाह केंद्र से काउंसलर कोऑर्डिनेटर दया गर्ग, लीगल एडवोकेट फूलवती साथ में ख़ुशबू,सपना,नीता इत्यादि महिलाएँ उपस्थित रही साथ ही हेल्प लाईन नम्बर 1098,1090,112,181 भी सांझा किए।

# जिला कलक्टर ने किया मालाखेडा क्षेत्रा का दौरा,एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की

## शेष गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत का डिजिटाइजेशन 2 दिवस में कराने के दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को मालाखेडा क्षेत्रा का दौरा कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने मालाखेडा क्षेत्रा के राजकीय उच्च विद्यालय इंदरगढ़ व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगला चरण में ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण किया, जहाँ सुव्यवस्थित मिली संचालन मिलने पर प्रशंसा की। उन्होंने समसा के एडीपीसी को निर्देश दिये कि ई-लाइब्रेरी में बच्चों के लिए और रोचक डिजिटल कंटेंट जोडे। साथ ही केरियर आदि की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति रुचि रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के विभिन्न एप्लीकेशंस का ज्ञान बच्चों को होना अति आवश्यक है, बच्चों को कंप्यूटर कालांश के दौरान वेबसाइट निर्माण, प्रेजेंटेशन निर्माण, ब्लॉगिंग व टाइपिंग सहित अन्य उपयोगी एप्लीकेशन के बारे में जानकरी देवें, ताकि भविष्य में कंप्यूटर की महत्वता के दृष्टिगत बच्चे कंप्यूटर के ज्ञान में नहीं पिछडे। उन्होंने निर्देश दिये कि उपखण्ड क्षेत्रा के विद्यालयों हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लगाए गए पौधों का नियमित रूप से रख-रखाव सुनिश्चित करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में मालाखेडा परिक्षेत्र के भाग संख्या 91 से 265 तक के बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि एसआईआर के अंतर्गत शेष रहे गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाते हुए उन्हें दो दिवस में शत-प्रतिशत पूर्ण करावे।

### सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने मालाखेडा के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर रिकॉर्ड आदि की जांच कर उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय में रिकॉर्ड आदि का संधारण नियमित रूप से किया जावे।

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

उन्होंने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्राम कैरवाडी में पेयजल समस्या का यथाशीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उपखण्ड क्षेत्रा में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आदि की समस्या का क्षेत्रावासियों को सामना नहीं करना पडे इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर उसे अमल में लाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि क्षेत्रा में विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित रहे। इस दौरान एसडीएम मालाखेडा सुश्री नवज्योति कावरिया, समसा के एडीपीसी मनोज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उभरते अवसरों तथा रोजगार संभावनाओं के बारे में किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के रोजगार परामर्श, कौशल विकास एवं उद्यमिता समिति एवं राजकीय कृषि महाविद्यालय माचाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ के. एल. मीना की अध्यक्षता में कॉलेज परिसर में जैविक खेती एवं रोजगार की संभावनाएं विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उभरते अवसरों तथा रोजगार संभावनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ जगफूल मीना द्वारा बताया कि छात्रों के कौशल विकास, कैरियर मार्गदर्शन तथा वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में प्लेसमेंट की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अजय बोहरा, कृषि एवं एग्रिबिजनेस के विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं, एग्रीप्रेन्योरशिप तथा कृषि क्षेत्र में उपलब्ध सरकारी एवं निजी रोजगार अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। व्याख्यान के दौरान वक्ता ने यह भी बताया कि आज के वैश्विकरण के दौर में प्रशिक्षित कृषि स्नातकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स विकसित करने, इंटर्नशिप लेने और स्टार्टअप की संभावनाओं को समझने के लिए प्रेरित किया। कृषि विद्यार्थियो का ग्रीन हाउस मैनेजमेंट व रोजगार में सतत् विकास करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में कृषि संकाय सहित अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डॉ पी. एम. मीना, डॉ. देशराज वर्मा, डॉ. आंचल मीना, डॉ. अशोक मीना, डॉ. रजनी मीना, डॉ. जगत सिंह मीना, संजय बमनावत आदि संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शकुरबस्ती से जैसलमेर के बीच संचालित ट्रेन को राजगढ़ में ठहराव की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर शकुरबस्ती से जैसलमेर के बीच संचालित ट्रेन नंबर 12249/12250 पर ठहराव की मांग को लेकर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के पदाधिकारियों ने रेलवे मंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि दिल्ली जंक्शन से दोपहर 2.55 के बाद कोई भी ट्रैन है जिसका ठहराव राजगढ़ हो। जिससे दिल्ली से राजगढ़ आने वाले यात्रियों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही थी। राजगढ़ कस्बेवासियों द्वारा मण्डोर सुपरफास्ट ट्रेन के ठहराव की लगातार मांग की जा रही थी। अभी हाल ही नई गाड़ी का संचालन शकुरबस्ती से जैसलमेर के बीच किया गया है। जिसका ठहराव राजगढ़ स्टेशन पर नहीं किया गया है। राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव होने से हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा। राजगढ़ कस्बे में रोजाना सैकड़ों की संख्या में यात्री दिल्ली व्यापार व नौकरी के लिए जाते हैं। राजगढ़ के नजदीकी पिनान से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे निकल रहा है। सरिस्का अभयारण्य तथा पाण्डूपोल नजदीक होने तथा टहला, सकट, रैणी सहित आसपास के हजारों की संख्या में लोग दिल्ली जाते हैं। यदि राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर मण्डोर सुपरफास्ट व शकुरबस्ती से जैसलमेर के बीच संचालित ट्रेन का ठहराव हो तो स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। राजगढ़ रेलवे सलाहकार समिति के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, रेलवे महाप्रबंधक, रेलवे प्रबंधक को ज्ञापन भेजकर ट्रैनों के ठहराव की मांग की है।

## सिलाई का 31 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित 31 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आज आरसेटी और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। पीएनबी के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री बाबूलाल पालरिया ने प्रशिक्षणार्थियों को उत्तम प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए बधाई दी और इसे उनके लिए आत्मनिर्भरता व रोजगार का प्रभावी साधन बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम मूल्यांकन प्रशिक्षित असेसर श्री शशि कुमार यादव एवं श्रीमती धर्मिष्ठा द्वारा किया गया। मूल्यांकन उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अलवर में लाठी-सरियों से हमला, दो भाइयों के पैर तोड़े:पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने की मारपीट, दोनों जिला अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (नि.स.)।** अलवर शहर में पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर अचानक हमला कर दिया। हमले में बदमाशों ने घेर लिया, लाठी-डंडों से दोनों के पैर तोड़ दिए। सूचना के बाद मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची, जहां से दोनों को घायल हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कोतवाली थाना इलाके के जुबली बास चौराहे के पास शुक्रवार शाम साढ़े 4 बजे की है। घायल दोनों भाई राम सिंह(24) पुत्र हरनू सिंह और राजेश(26) पुत्र हरनू सिंह जुबली बास के पास रहने वाले हैं।घायलों के परिजनों ने टीटोड़ा मोहल्ले के लवली, पप्पी, सोनू चौहान सहित कई युवकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों में आपस में पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

### जुबली बास चौराहे लाठी-डंडों और सरियों से मारपीट

परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बाइक पर बैठकर जुबली बास चौराहे की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक स्कीम नंबर दो स्थित टीटोडा मोहल्ले के पास आधा दर्जन युवक लाठी-सरिए लेकर आ गए। आगे उन्होंने बताया कि इस दौरान बदमाशों ने आते ही जुबली बास चौराहे के पास दोनों युवकों पर लाठी-डंडे लाठी और सरिए से हमला कर दिया। हमले में दोनों भाइयों के पैर फ्रैक्चर हो गए। झगड़े की सूचना के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके परिवार पर पहले भी हो चुका है हमला घायलों के भाई बिट्टू ने बताया कि पहले भी उनके परिवार पर हमला हो चुका है। अभी बदमाशों ने किस बात को लेकर मारपीट की, ये अभी खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अनियमितता बरतने पर 5 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

# जिले के किसान पंजीकृत आदान विक्रेताओं से ही कृषि आदान क्रय करें

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को उर्वरक निरीक्षकों द्वारा जिले में यूरिया वितरण एवं व्यवस्था हेतु 10 कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं का निरीक्षण कर पाई गई अनियमित्ताओं के लिए 5 उर्वरक विक्ेरताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए एवं एक नमूना आहरण किया गया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीणा ने जिले के निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिशानुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करें, उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण करें और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्घ कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समस्त किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कृषकों को पंक्तिबद्घ किया जाकर उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान 1800 मैट्रिक टन यूरिया व 1600 मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले ब्लॉकों को चिन्हित कर जिले भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए विभाग के अधिकारी जिले में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का माहवार व कंपनिवार आवंटन किया जाता है। प्राप्त आवंटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर उर्वरकों का वितरण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में इफ्को एवं नर्मदा बायो कैम कम्पनियों की यूरिया रैक लगने जा रही है। उन्होंने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि कृषि आदान विके्रताओं से उर्वरक विक्रय करने के लिए अपना आधार कार्ड एवं जमीन से संबंधित दस्तावेज (जमाबंदी) साथ लेकर जावे। साथ ही केवल पंजीकृत आदान विके्रताओं से ही कृषि आदान क्रय करें।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह : प्रतापगढ़ में 10 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

- **डीएसटी और धोलापानी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, मोटरसाइकिल पर ले जा रहे थे 4 किलो 646 ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। डीएसटी टीम और थाना धोलापानी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 4 किलो 646 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। जब्त की गई इस सिंथेटिक ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर एक बाइक भी जब्त कर की गई। एसपी आदित्य ने बताया कि शुक्रवार 28 नवम्बर को कार्यवाहक थानाधिकारी धोलापानी नारायण लाल ने मय जाब्ता के थाने से पहले स्पीड ब्रेकर के पास नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस को उनके पीछे लटके बैगों में अवैध वस्तु होने का संदेह हुआ। रुकवा कर पूछने पर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम जतीन पुत्र कैलाश मालवीय (22) और पीछे बैठे व्यक्ति ने जितेंद्र पुत्र रतनलाल मालवीय (27) निवासी मानपुरा थाना कोतवाली, प्रतापगढ़ होना बताया। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के बैगों की जाँच की, जिसमें दोनों बैगों से कुल 4 किलो 646 ग्राम एमडी बरामद हुई। पुलिस ने ड्रग्स और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है तथा दोनों अभियुक्तों जतीन मालवीय और जितेंद्र मालवीय को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे का अनुसंधान जारी है।

# ट्रम्प बोले- गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा

## अमेरिका से प्यार नहीं करने वालों को भी निकालूंगा, रडार पर 19 देश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके।

थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं।

ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा- जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पॉलिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी।

### 19 देशों के प्रवासियों की जांच होगी

ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवंबर से लागू हो गई है। यह सभी पुराने और नए आवेदन पर लागू होगी। इसके तहत इन देशों से आने वालों को जारी हर ग्रीन कार्ड की सख्ती से दोबारा जांच की जाएगी।



# भगवान को नोटिस दिया, प्रवर्तन अधिकारी निलंबित

## मंदिर की दीवार पर चस्पा कर 7 दिन में जवाब मांगा था, अवैध कब्जा माना था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के भगवान शिव मंदिर के नाम नोटिस जारी करने के मामले में प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार पूनिया को निलंबित कर दिया। जेडीए सचिव निशांत जैन ने निलंबन आदेश जारी किए। इसमें बताया गया- निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार भत्ता मिलेगा। उनका मुख्यालय एडीजीपी (कार्मिक) जयपुर के कार्यालय में रहेगा। दरअसल, वैशाली नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेडीए की टीम ने दुकानों और मकानों को अतिक्रमण मानते हुए नोटिस लगाए थे। गांधी पथ पर भगवान शिव मंदिर को भी अवैध निर्माण की श्रेणी में डालकर नोटिस जारी कर दिया गया। इसमें नोटिस किसी व्यक्ति या संस्था के नाम नहीं, बल्कि सीधे शिव मंदिर के नाम चस्पा किया गया था। नोटिस में 7 दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश लिखे थे।

**स्थानीय लोगों ने जताई थी नाराजगी**-इस कार्रवाई की जानकारी सामने आने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई थी। विरोध बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को प्रारंभिक जानकारी के आधार पर प्रवर्तन अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार धार्मिक आस्था से जुड़े किसी स्थान पर इस प्रकार नोटिस जारी करना प्रशासनिक प्रक्रियाओं की चूक है।

# आरजीएचएस में गड़बड़ी करने पर एक्शन, 28 सरकारी कर्मचारी सस्पेंड

## तीन महीने में 34 हॉस्पिटल, 431 फार्मा स्टोर को योजना से हटाया; 40 करोड़ पैनल्टी वसूली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में गड़बड़ी करके ज्यादा मुनाफा कमाने और सरकार को रेवेन्यू लॉस लगाने वालों पर एक्शन हुआ है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट ने पिछले 3 माह में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संचालित 34 हॉस्पिटलों और 431 फार्मा स्टोर को योजना से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही 28 सरकारी कर्मचारियों को योजना के दुरुपयोग के मामलों में सस्पेंड किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया- आरजीएचएस योजना में हॉस्पिटल, फार्मा स्टोर और कई सरकारी कार्मिकों की ओर से गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें मिली थीं। इसे देखते हुए विशेष ऑडिट और जांच करवाई। जांच में प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए हॉस्पिटलों, फार्मा स्टोर और कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की गई। हॉस्पिटलों से अब तक लगभग 36 करोड़ रुपए और फॉर्मा स्टोर्स से 4.64 करोड़ रुपए पैनल्टी वसूल की गई है।

### एक ही सर्जरी का उठाया दोहरा क्लेम

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की प्रिंसिपल सेक्रेटरी गायत्री राठौड़ ने बताया- 34 हॉस्पिटलों को निलंबित किया गया। इन हॉस्पिटल्स में एक ही सर्जरी का दोहरा क्लेम उठाना, अनावश्यक जांचें करना, निम्न दरों में उपलब्ध जांचों को उच्च दर के पैकेज में क्लेम करने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। ऐसे में इन हॉस्पिटलों से अब तक लगभग 36 करोड़ रुपए की पैनल्टी वसूल की है।

# नक्सली बोले- देवजी को आंध्रप्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया

## 50 साथी भी पकड़े गए, एमएमसी लीडर अनंत ने कहा- सीएम-गृहमंत्री के सामने सरेंडर करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर।** मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के सैकड़ों नक्सली अब सरकार के सामने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की बात कह रहे हैं। एमएमसी के प्रवक्ता और नक्सली लीडर अनंत ने कहा है कि 1 जनवरी को इस कमेटी के सभी साथी एक साथ सरेंडर करेंगे। उन्होंने सरकार से अपील की है कि तब तक ऑपरेशन रोके रखें। अनंत ने इस बारे में एक पर्चा जारी किया। यह पिछले हफ्तेभर में दूसरा पर्चा है। पहले पर्चे में 15 फरवरी तक हथियार डालने की बात कही गई थी, जबकि अब नए पर्चे में 1 जनवरी तक हथियार सरेंडर करने की घोषणा की गई है। नक्सलियों ने तीनों राज्यों के गृहमंत्री या मुख्यमंत्री के सामने हथियार डालने की बात कही है। इधर, बस्तर में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने भी एक पर्चा जारी किया है। इसमें कहा गया कि देवजी को आंध्र प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही 50 अन्य नक्सली भी पकड़े गए हैं। इस पर्चे को नक्सली प्रवक्ता विकल्प के नाम से जारी किया गया है। नक्सली प्रवक्ता ने 18 और 19 नवंबर को आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सितारामा राजू जिले में हुई मुठभेड़ को फर्जी बताया और मांग की कि पुलिस जल्द ही देवजी समेत अन्य साथियों को कोर्ट में पेश करें। नक्सली संगठन का कहना है कि पुलिस ने मुठभेड़ की कहानी बनाई है। हिड़मा समेत उनके अन्य 13 साथियों को पकड़कर मारा गया। 13 नक्सलियों के एनकाउंटर के बाद माओवादियों ने 30 नवंबर को भारत बंद का ऐलान किया है।

# प्रेमी ने प्रेमिका के सामने खुद को आग लगाई, मौत

## जलती हुई हालत में ही अस्पताल की पहली मंजिल से कूदा, अहमदाबाद का मामला

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में एक लड़के ने निजी अस्पताल में नर्स का काम करने वाली लड़की के सामने खुद को आग लगा ली। इसके बाद जलती हुई हालत में ही उसके हॉस्पिटल की पहली मंजिल से नीचे कूद गया। इलाज के दौरान आज सुबह उसने दम तोड़ दिया। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की है।

सरखेज पुलिस थाने से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान 28 वर्षीय कामरान के रूप में हुई है। कामरान पड़ोस में ही रहने वाली एक लड़की से प्रेम करता था। वह पिछले काफी समय से उस पर उसका प्रपोजल एस्सेप्ट करने का दबाव डाल रहा था। लड़की ने यह बात अपने घरवालों को भी बता दी थी। लड़की एक निजी हॉस्पिटल में नर्स है।

पेट्रोल लेकर पहुंचा था अस्पताल गुरुवार की रात कामरान सीधे लड़की के हॉस्पिटल जा पहुंचा। यहां भी दोनों के बीच बहस हुई। इसी दौरान कामरान ने अपने कपड़ों में छिपा रखी पेट्रोल की बोतल निकालकर खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। लड़की और हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन तभी कामरान ने लाइटर निकालकर खुद को आग लगा ली।

लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने पहली मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। नीचे डेंटल क्लीनिक का टीन का शेड था। कामरान इसी शेड पर गिरा। लोगों ने उसे 108 एंबुलेंस की मदद से तुरंत सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।

# जयपुर-सीकर समेत 4 शहरों में बारिश, कई जिलों में चेतावनी

## घने कोहरे का अलर्ट, कोल्ड वेव से होगी दिसंबर की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हुआ है। जयपुर में सुबह कई इलाकों में हल्की बरसात हुई। सर्द हवा चली। सुबह कोहरा भी छाया रहा। सीकर, ब्यावर और पाली में बारिश हुई।

उदयपुर और अजमेर संभाग के जिलों में आज हल्की बारिश का अलर्ट है। बारिश के साथ घने कोहरे को लेकर भी मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया। वहीं, दो दिन बाद दिसंबर की शुरुआत से कोल्ड वेव की भी आशंका जताई गई है। इससे पहले, गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव रहा।

### घना कोहरा छाने की संभावना

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- आज अजमेर, जयपुर, उदयपुर संभाग और उसके आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। शेष भागों में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं, 29-30 नवंबर को राज्य के दक्षिणी में पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा छा सकता है। इसको लेकर 6 जिलों में यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। दिसंबर के पहले सप्ताह में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री तक गिरावट होने और शेखावाटी क्षेत्र में शीतलहर (कोल्ड-वेव) की संभावना है।



## पश्चिमी विक्षोभ के असर से इन जिलों में सीजन की पहली मावठ, कोहरा का अलर्ट

राजस्थान में सक्रिय नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को सीजन की पहली मावठ हुई। सुबह बादलों की आवाजाही के बीच जयपुर, सीकर, ब्यावर, पाली सहित अन्य जिलों में हल्की बारिश हुई। इस दौरान जयपुर में फिजाओं में ठंडक रही। हालांकि दोपहर में हल्की धूप रही। इससे पहले शहर में धुंध की चादर छाई रही। इसके साथ ही सर्द हवा भी चली। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव तापते नजर आए।

जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक शनिवार और रविवार को भी राज्य के दक्षिणी और पूर्वी भागों में कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसको लेकर अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद में कोहरा छाने के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। दिसंबर के पहले सप्ताह में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में पुनः तीन से चार डिग्री गिरावट होने, शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं शीतलहर की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। उत्तरी हवाएं थमने से लोगों को सर्दी से हल्की राहत रही। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक अजमेर में 0.6, जयपुर में 0.4 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे कम न्यूनतम तापमान अलवर का 9, फतेहपुर का 9.2, करौली का 9.7, पिलानी का 10, चूरू का 10.5, श्रीगंगानगर का 10.1, जयपुर का 15.2 डिग्री सेल्सियस पारा दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान बाड़मेर का 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# राजस्थान में सरकार तो है ही नहीं : घोषणाएं कर भूल जाते हैं : गहलोत

## कहा : हमारे वक्त की योजनाएं पूरी क्यों नहीं कर रहे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राज्य सरकार और सीएम पर तंज कसते हुए कहा है कि यहां पर सरकार है क्या? यहां पर सरकार तो है नहीं। सरकार नाम की चीज नहीं है। क्या घोषणाएं करते हैं, भूल जाते हैं। अब तक दो बजट पेश कर चुके हैं। उसमें भी काम शुरू ही नहीं हो पा रहा है। गहलोत जयपुर में बाइस गोदाम महात्मा ज्योतिबा राव फुले सर्किल पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- हमारे वक्त में जो फैसले थे, सड़कों के हों चाहे संस्थाओं के हो, चाहे बिल्डिंगों के हों। वे काम भी अभी पूरी तरह आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। यह खाली घोषणा करने वाली सरकार है, काम कुछ नहीं कर रही है।

### मुख्यमंत्री ठीक कह रहे हैं, अफसर सरकार के होते हैं

सीएम भजनलाल के बयान पर गहलोत ने कहा- मुख्यमंत्री ने बिल्कुल ठीक कहा कि अधिकारी सरकार के होते हैं। यह बात इसलिए छिड़ गई क्योंकि उन्होंने कहा था कि पिछली सरकार के वक्त में भ्रष्टाचार वाले अधिकारी लग गए थे। तब मैंने उनको जवाब दिया कि उन्हें अधिकारियों से आप काम ले रहे हो। मुख्यमंत्री बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। अधिकारी किसी पार्टी के नहीं होते। पहल तो इन्होंने ही की थी।

### योजनाएं भी सरकार की ही होती हैं, हमारे वक्त शुरू योजनाएं पूरी क्यों नहीं कर रहे?

गहलोत ने कहा- योजनाएं भी किसी पार्टी की नहीं होती हैं। योजनाएं भी सरकार की होती हैं। कॉमर्स कॉलेज के सामने महात्मा गांधी सोशल गवर्नेंस की बिल्डिंग खड़ी है। उसकी कोई परवाह कर रहा है। इसकी राजस्थान भर में बड़ी-बड़ी संस्थाएं खड़ी हो गई, काम पूरे हो गए, मेरे पास कोई उदाहरण है। वह कोई काम आगे बढ़ ही नहीं रहा है। अब मेरे पास कई उदाहरण हैं। अभी मैं क्या बताऊं, अलग से बोलूंगा आप सबको। वो काम आगे बढ़ ही नहीं रहे हैं। कागजों में हैं। कर्नाटक कांग्रेस में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच चल रहे विवाद पर गहलोत ने कहा कि हाईकमान निगाह रखे हुए है। राजनीतिक दलों के फैसलों को लेकर जो बातें आती हैं।

# कानपुर में स्लीपर बस जलकर राख...

## दो कॉन्स्टेबलों ने जान पर खेलकर 43 को बचाया



बढ़ता राजस्थान

**कानपुर।** कानपुर में चलती स्लीपर बस में भीषण आग लग गई। आग का गोला बनी बस में 43 यात्री अंदर फंस गए। चीख-पुकार मच गई। पुरुष यात्री किसी तरह कूदकर नीचे उतरे, लेकिन महिलाएं और बच्चे फंस गए। ड्राइवर-कंडक्टर भी भाग गए। रामा देवी चौराहे पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे। धू-धू कर जल रही बस में जान की परवाह किए बगैर दो सिपाही चढ़ गए। तब तक बस की छत से लपटें तेज हो चुकी थीं। कुछ महिला यात्री अपना सामान उठाने लगीं। दोनों कॉन्स्टेबल चिल्लाए- सामान छोड़ दो आग तेज हो रही है। इसके बाद दोनों कॉन्स्टेबलों ने एक-एक यात्री को बाहर निकाला।

# बताओ सबसे घटिया सड़क कौनसी...? : बेनीवाल

## जवाब नहीं दे पाए अफसर; बैठक में गमछे पर शिकायत लिखकर लाए ग्रामीण

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** नागौर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कई गांवों से लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने गमछे को पोस्टर बना दिया और भ्रष्टाचार की शिकायत लिखकर लाए। बैठक में ग्रामीणों ने सांसद हनुमान बेनीवाल से कहा कि कृषि मंडी की ओर से घटिया सड़कें बनवाई जा रही है। इस पर सांसद ने संबंधित अधिकारी से ही पूछ लिया कि आप बताओ कौनसी सड़क सबसे घटिया बनाई है।

संथारण गांव के लोगों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर लहराए। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार करने और काम टालने के आरोप लगाए। सांसद ने रियांबड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर नाराजगी जाहिर की और खनन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई।

**2 दिन का आश्वासन दिया था, 8 महीने बाद भी नतीजा शून्य**-बैठक में पहुंचे संथारण गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि 8 महीने पहले अपनी



मांगों को लेकर कुछ ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े थे। उस वक्त समझौते के तहत अधिकारियों ने 2 दिन में काम करवाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन 8 महीने बाद भी वही स्थिति है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी पर भ्रष्टाचार करने और काम टालने के आरोप लगाए। उन्होंने बैठक में पोस्टर लहराए। बैठक के दौरान कृषि मंडी की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बनवाई जाने वाली सड़कों का मामला भी उठा। ग्रामीणों ने कहा- कृषि मंडी की ओर से घटिया सड़कें बनवाई जा रही है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार